कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 341, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 10 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

कश्मीर में टेम्परेचर शून्य से नीचे, शीतलहर जारी

नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश में लाहौल स्पीति के सिस्सू में -15 डिग्री सेल्सियस तापमान में झील जम गई। मध्य प्रदेश के भोपाल में मंगलवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा। कश्मीर के कई हिस्सों में तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है। श्रीनगर में टेम्परेचर माइनस 2.4, कोकेरनाग में माइनस 1.2 और कुपवाड़ा में माइनस 4.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पूरे कश्मीर में शीतलहर जारी है। घाटी में इस समय चिल्लई कलां(भीषण ठंड) का दौर चल रहा है। यह करीब 40 दिनों तक रहता है। वहीं, सुबह देश के 19 राज्य ठंड और घने कोहरे की चपेट में दिखे। कोहरे के कारण मध्य प्रदेश के भोपाल में मंगलवार 9 जनवरी की सुबह विजिबिलिटी 10 मीटर तक पहुंच गई। ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में विजिबिलिटी 50 से 500 मीटर के बीच रही। उत्तर प्रदेश के बरेली, वाराणसी और गोरखपुर में सुबह 5 बजे 25 मीटर विजिबिलिटी रही। राजस्थान के जैसलमेर में धुंध के कारण सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। यहां सुबह 5 बजे विजिबिलिटी 50 मीटर दर्ज की गई। राजस्थान और बिहार में आज कोल्ड-डे का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में बारिश की संभावना जताई है। टढ के भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर समेत 9 शहरों में आज हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। पंजाब के 13 और हरियाणा के 12 शहरों में बारिश हो सकती है। हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बुधवार से होगी 14वें दौर की बातचीत

नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 14वें दौर की बातचीत बुधवार से शुरू होगी। एफटीए पर बातचीत के इस दौर में सामान, सेवाएं, निवेश, और बौद्धिक संपदा अधिकार शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ब्रिटेन और भारत के बीच एफटीए पर 14वें दौर की बातचीत की शुरूआत बुधवार से हो रही है।

राम मंदिर उद्घाटन पर मचा घमासान

लोकसभा चुनाव से पहले मंदिर उद्घाटन बीजेपी की चाल: ममता, मैं ऐसे उत्सवों को सपोर्ट नहीं करती जो दूसरे समुदायों को शामिल न करें

कोलकात

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन करके भाजपा वोट जुटाने की चाल चल रही है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसे उत्सवों का समर्थन नहीं करती हूं जो दूसरे समुदाय को शामिल न करें। साउथ 24 परगना में एक कार्यक्रम में ममता ने कहा कि मैं ऐसे त्योहार में भरोसा करती हूं जो सबको साथ लाए, सबकी बात करे। आपको जो करना हैं करो, आपको लोकसभा चुनाव के पहले ऐसी तिकड़म लगानी है, लगाओ, मुझे कोई परेशानी नहीं है। लेकिन दूसरे समुदाय के लोगों को दरकिनार करना सही नहीं है। जब तक मैं जिंदा हूं, हिंदू और मुस्लिमों के बीच भेदभाव नहीं होने दूंगी। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित 6000 दिग्गज शामिल होंगे, जिनमें 4000 संत और करीब 2200 मेहमान हैं। इस दौरान छह दर्शनों (प्राचीन विद्यालयों) के शंकराचार्य और करीब 150 साधु-संत भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में करीब 25 लाख लोग शामिल हो सकते हैं। 22 जनवरी 2024 को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियां आखिरी चरण में हैं।



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी ममता

रामंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ममता बनर्जी शामिल नहीं होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की ओर से कार्यक्रम में कोई शिरकत नहीं करेगा। हालांकि, टीएमसी की ओर से आधिकारिक तौर इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

तृणमूल कांग्रेस के नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को पॉलिटिकल इवेंट कह रहे हैं।

प्रदेश में पांच करोड़ घरों में दीप जलेंगे

पर्यटन मंत्री ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को प्रदेश में पांच करोड़ घरों में दीप जलेंगे। इसके लिए जिला स्तरीय समिति लोगों को प्रेरित कर रही है। इसकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि रामोत्सव के तहत प्रदेश भर में 8000 रजिस्टर्ड कलाकार व अयोध्या में 35 हजार कलाकार 14 जनवरी से 24 मार्च के बीच अपनी प्रस्तुति देंगे। अयोध्या में रामकथा आदि कार्यक्रमों की शुरूआत आठ जनवरी से हो गई है। 14 से पूरे प्रदेश में कार्यक्रम शुरू होंगे। इसी क्रम में चित्रकूट से 15 जनवरी को श्रीरामचरण पादुका यात्रा निकलेगी। जो राम वन गमन पथ से होते हुए 19 जनवरी को नंदी ग्राम, अयोध्या में समाप्त होगी। जयवीर सिंह ने कहा कि काशी जैसी भव्य अयोध्या में सरयू किनारे होने वाली आरती को बनाएंगे और आगे भी जारी रखेंगे।

नीतीश-लालू के भी शामिल नहीं होने की आशंका

अयोध्या

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव का अयोध्या राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की खबरें सामने आ रहीं हैं। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी शामिल नहीं होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम में कोई शिरकत नहीं करेगा। हालांकि, टीएमसी की ओर से आधिकारिक तौर इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। तृणमूल कांग्रेस के नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को पॉलिटिकल इवेंट कह रहे हैं।

उनका मानना है कि बीजेपी 2024 के लोकसभा चुनाव अभियान के लिए राममंदिर को एक स्प्रिंगबोर्ड की तरह इस्तेमाल करना चाहती है। इसीलिए पार्टी इस इवेंट से दूरी बना रही है। अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यहां बन रहे तीन मंजिला राम मंदिर के फर्स्ट फ्लोर का काम करीब 70% पूरा हो गया है।

अयोध्या में पर्यटन से सालाना 55 हजार करोड़ की होगी आय

लखनऊ

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आने वाले समय में अयोध्या भारत के पर्यटन का मुख्य केंद्र बनेगी। देश-दुनिया से लोग यहां आएंगे।

अयोध्या में बन रहा भव्य राम मंदिर व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यहां की अर्थव्यवस्था में भी क्रांतिकारी बदलाव आएगा। एक अनुमान के मुताबिक अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद हर माह दो करोड़ पर्यटक/ श्रद्धालु आएंगे। हर पर्यटक यहां कम से दो-ढ़ाई हजार रुपये भी खर्च करेगा तो इससे सालाना 55 हजार करोड़ की आय होगी। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में यह दी जानकारी। उन्होंने कहा कि भव्य राम मंदिर निर्माण से अयोध्या समेत आस-पास के लगभग छह जिलों का आर्थिक परिदृश्य बदलेगा। इससे होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट, हस्तशिल्प, वस्त्र विक्रताओं आदि व्यवसाय में लगे कारोबारियों की आय व रोजगार बढ़ेगा। पर्यटन विभाग अयोध्या में 588 करोड़ व धर्मार्थ कार्य विभाग 936 कुल 1524 करोड़ से मूलभूत सुविधाओं, विकास, कुंड-मठ, मंदिर का जीणो?धार आदि का काम करा रहे हैं। इसमें पर्यटकों व श्रद्धालुओं को केंद्र में रखा गया है। हम अयोध्या आने वाले हर पर्यटक-श्रद्धालु को विश्वस्तरीय सुविधाएं देंगे। उन्हें हर 500 मीटर पर पेयजल, विश्राम स्थल, टीन शेड, शौचालय, साइनेज आदि मूलभूत चीजों की सुविधा मिलेगी।

ईडी टीम पर हमला मामले में केन्द्र ने ममता सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली

गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पश्चिम बंगाल सरकार से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हुए हमले को लेकर जवाब मांगा है। सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्रालय इस मामले को लेकर गंभीर है और राज्य सरकार से इस पर जल्द से जल्द व्यापक रिपोर्ट सौंपने को कहा है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में छापेमारी के दौरान ईडी टीम पर हमले का मामला सामने आया था।

हालांकि इस मामले को राज्य सरकार के कई मंत्री जन आक्रोश करार दे रहे हैं जबकि विपक्ष इसे हमला बता रही है। 05 जनवरी को ईडी की टीम राज्य के राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के मामले को लेकर टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर छापेमारी करने पहुंची थी।

इस दौरान कुछ लोगों ने ईडी टीम पर हमला कर दिया था जिसमें तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

स्वच्छतम व सुंदरतम नजर आए रामनगरी: सीएम योगी आदित्यनाथ

अयोध्या

2024 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पहला अयोध्या दौरा भी विकास और स्वच्छता को ही समर्पित रहा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि रामनगरी स्वच्छतम व सुंदरतम नजर आए। यहां भी स्वच्छता का कुंभ मॉडल लागू करें। सड़कों भी कहीं भी धूल उड़ती न दिखे, शौचालयों की प्रतिदिन सफाई हो। मंगलवार को यहां उन्होंने विकास कार्यों की हकीकत देखी। बारीकी से कार्यों का निरीक्षण किया और साधु-संतों का हाल चाल भी जाना। मुख्यमंत्री

कुबेर टीला भी गए, जहां जटायु को नमन किया। वहीं विकास कार्यों को लेकर अफसरों को निर्देश दिया कि 22 जनवरी के बाद यहां श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। लिहाजा हर काम गुणवत्तापूर्ण और समय से हो। लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

अयोध्या में होगी प्रयाग सी स्वच्छता, लागू करें स्वच्छता का कुंभ मॉडल: तीर्थ क्षेत्र पुरम में मुख्यमंत्री को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ट्रस्ट द्वारा विकसित टेंट सिटी का भ्रमण कराकर व्यवस्थाओं से अवगत कराया। यहां महंत अवेद्यनाथ जी नगर, ओंकार भावे नगर, वामदेव जी महाराज नगर सहित सभी नगरों में भ्रमण कर व्यवस्था देखी और कहा कि साफ-सफाई को शीर्ष प्राथमिकता दें। कुंभ जैसी स्वच्छता व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री योगी ने नगर निगम द्वारा बनाई जा रही टेंट सिटी का अवलोकन किया।

'राहुल गांधी को रीलॉन्च करना चाहती है कांग्रेस'

नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आगामी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर कटाक्ष करते हुए भाजपा ने मंगलवार को कहा कि मार्च का एकमात्र उद्देश्य वायनाड सांसद को रीलॉन्च और रीब्रांड करना है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मंगलवार को कहा कि राहुल गांधी की यात्रा कांग्रेस पार्टी को पुनर्स्थापित करने का एक प्रयास है।

आईएनडीआई जोड़ो यात्रा शुरू करनी चाहिए: भाजपा

पूनावाला ने कहा कि जिस तरह से वे तीन राज्य हार गए, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल को उन पर भरोसा नहीं है और मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रस्तावित कर रहे हैं उससे यह लग रहा है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल गांधी को फिर से लांच करने के लिए है। भाजपा नेता ने लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी पार्टियों के बीच सीट-बंटवारे पर आम सहमति तक पहुंचने में विफल रहने पर कटाक्ष किया और कहा कि गठबंधन को इसके बजाय आईएनडीआई जोड़ो यात्रा शुरू करनी चाहिए। पूनावाला ने कहा कि केसी त्यागी का कहना है कि मेरी राय में आईएनडीआई न्याय यात्रा निकाली जानी चाहिए थी। विपक्षी गठबंधन में मतभेदों को देखते हुए आईएनडीआई जोड़ो यात्रा समय की मांग है। 2024 के लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही भारत का राजनीतिक परिदृश्य एक महत्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

भारत-मालदीव तनाव के बीच लक्षद्वीप में एयरपोर्ट बनाने की तैयारी

नई दिल्ली

लक्षद्वीप-मालदीव विवाद के बीच खबर आ रही है कि भारत सरकार लक्षद्वीप में नया एयरपोर्ट बनाने की तैयारी कर रही है। इसे लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड में बनाया जाएगा, जहां फाइटर जेट्स, मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन और कॉमर्शियल एयरक्राफ्ट ऑपरेट कर सकेंगे। मिनिकॉय आइलैंड में नई एयरफील्ड बनाने का प्रस्ताव काफी समय पहले सरकार के पास भेजा गया था, लेकिन पिछले हफ्ते पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद इस प्रस्ताव को नए सिरे सरकार के सामने पेश किया गया है। फिलहाल लक्षद्वीप में सिर्फ एक हवाई पट्टी है, जो अगाट्टी में स्थित है। लक्षद्वीप में एयरफील्ड बनाने का प्रस्ताव सबसे पहले इंडियन कोस्ट गार्ड ने सरकार के सामने पेश किया था। नए प्रस्ताव के मुताबिक, जो एयरफील्ड बनाई जाएगी वहां से सारे ऑपरेशंस को एयरफोर्स लीड करेगी। इस कदम से न सिर्फ लक्षद्वीप द्वीपसमूह में टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि एयरफील्ड डेवलप होने से अरब महासागर और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत को अपनी निगरानी बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापन पर रोक के लिए दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार

नई दिल्ली

कोचिंग संस्थानों में उम्मीदवारों की सफलता दर के संबंध में भ्रामक विज्ञापनों के संबंध में एक दिशा-निर्देश तैयार किया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने इसको लेकर गठित समिति की पहली बैठक 08 जनवरी को आयोजित की गई जिसमें समिति ने दिशा-निर्देशों के मसौदे पर विचार-विमर्श किया गया। इसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। सीसीपीए के मुख्य आयुक्त और उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के लिए दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार किया गया है।

देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है: सीएम भजन लाल

उदयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार मंगलवार को उदयपुर पहुंचे। यहां उन्होंने नाई गांव पहुंचकर वहां चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अवलोकन किया। वहां खेल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से संकल्प कराया। जनता ने हाथ आगे कर देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सिर्फ नारे नहीं हैं, बल्कि योजनाओं का लाभ मिलने की गारंटी है।

पीएम मोदी जो कहते हैं, वह करते हैं।

उन्होंने भगवान जगदीश, एकलिंगनाथ की धरती को नमन करते हुए कहा कि उदयपुर पर्यटन नगरी के साथ ऐतिहासिक नगरी है। उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के त्याग और बलिदान का जिक्र करते हुए कहा कि हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी की योजनाओं की बराबर मॉनिटरिंग होनी चाहिए। कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। इन शिविरों में छूटे पात्र लोगों का लाभ मिल रहा है। 6 जनवरी तक की उदयपुर की प्रगति उत्साह जनक है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर आया है। टीबी जांच में भी राजस्थान प्रथम स्थान पर रहा है। प्रदेश में 47 लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच हुई है। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पेपर आउट से युवा परेशान थे। भाजपा की नई सरकार ने एसआईटी का गठन किया है। पेपर कमेटी बनाई गई जिसका असर रहा कि हाल ही में बिना किसी बाधा के पेपर हुए हैं। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन कर गैंगस्टर पर लगाम लगाने का काम शुरू किया गया है। उन्होंने अन्नपूर्णा रसोई का जिक्र करते हुए कहा कि अब इस योजना में मोटे अनाज को शामिल कर 450 की बजाय 600 ग्राम भोजन देना शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस योजना का न केवल नाम बदला, बल्कि न्यूनतम भुगतान के प्रावधान से धांधली का रस्ता भी खोल दिया।

उन्होंने कांग्रेस समर्थकों से कहा कि इंदिरा, राजीव, सोनिया के नाम से आगे कांग्रेस को कुछ नहीं सूझता, उन्होंने कांग्रेस समर्थकों से कहा कि वे एक परिवार को खुश करना बंद करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार को किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। पूर्ववर्ती सरकार के फैसलों की जांच होगी, भ्रष्टाचार मिला तो सजा मिलेगी। उन्होंने आमजन से अपने पड़ोस में जरूरतमंद पात्र लोगों की जानकारी कर उन्हे योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद करने का आह्वान किया।

इकलौते बेटे का पार्थिव शरीर देख बिलख पड़ी मां, पत्नी हुई अचेत

विशाखापट्टनम में एक प्लाई बुड कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्य कर रहा था मनीष

अखंड भारत संदेश

मेजा। इकलौते बेटे का शव देख मां जोर -जोर से जहां दहाड़ मारकर रोने लगी वहीं पत्नी लक्ष्मी डेढ़ साल के बेटे शौर्य को लेकर अचेत होकर गिर पड़ी। मेजा खास निवासी सुरेश प्रजापति का 30 वर्षीय बेटा मनीष विशाखापट्टनम के एक प्लाई कंपनी में बतौर सुपरवाइजर काम करता था बीते 3 जनवरी को अचानक मशीन बंद हो जाने से कंपनी का प्रोडक्ट रुक गया मनीष जैसे ही हाथ डालकर ठीक करने की कोशिश की अचानक मशीन चालू हो गई और उसे वहीं लपेट कर गिरा दिया। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार को सुबह उसका शव पैतृक घर मेजा खास पहुंचा तो मां शांति देवी और पत्नी लक्ष्मी जोर -जोर से दहाड़ मारकर रोने लगीं। डेढ़ साल का बेटा शौर्य मां को रोता देख वह भी रोने लगा। जिसे देख ग्रामीणों की आंखों में आंसू आ गए। सिरसा घाट पर पिता सुरेश ने कलेजे को कठोर कर इकलौते बेटे को मुखाग्नि दी। इस दौरान घर के पूरे परिवार का रो रोकर काफी बुरा हाल है।

होटल के मैनेजर ने लगाया पुलिस पर पिटाई का आरोप

हनुमानगंज। सरायइनायत थाना क्षेत्र के जीटी रोड अंदावा स्थित एक रेस्टोरेंट के मैनेजर ने सरायइनायत पुलिस पर सूप का पैसा मांगने पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। मामले की जांच एसीपी थरवई ईपीएस चिराग जैन कर रहे है। सरायइनायत प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय ने बताया कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आगमन के मद्देनजर पुलिस की एक टीम शुक्रवार रात दस बजे खुले ढाबों एवं रेस्टोरेंट्स की जांच करने गई थी। जिसमें बंसवारी रेस्टोरेंट के मैनेजर ने बहसबाजी किया था। शिकायत पर जांच करने आए एसीपी आईपीएस चिराग जैन ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। यदि आरोप सही होंगे तो कार्रवाई की जाएगी।

मेजा बार ने की शोक सभा, पूर्व एमएलसी यज्ञदत्त शर्मा को किया याद

अखंड भारत संदेश

मेजा। बार एसोसिएशन मेजा की शोक सभा तहसील मुख्यालय मेजा में बार कार्यालय पर अध्यक्ष महेंद्र कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पूर्व शिक्षक विधायक डा.यज्ञदत्त शर्मा के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। अध्यक्ष ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डा.शर्मा एक ईमानदार और मिलनसार नेता थे। उनके द्वारा मेजा बार के लिए किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि मेजा का अधिवक्ता समाज उनका हमेशा ऋणी रहेगा। मंगलवार को अधिवक्ता उनकी याद में न्यायिक कार्य से विरत रहे इस मौके पर प्रमुख रूप से एसपी मिश्र,श्रीकांत तिवारी, योगेंद्र नारायण शर्मा, राजीव शुक्ला,मनोज शुक्ला, भुनेश्वर शुक्ल,कामेश्वर पटेल आदि मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

रोजगार सेवकों को लैपटॉप न मिलने से कार्य बाधित

मांडा। अभी तक मांडा विकास खंड के किसी भी ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक को कंप्यूटर, इंटरनेट तो दूर लागिन व कुर्सी, मेज तक ग्राम सचिवालय में नहीं मिल पाया है, जिससे ज्यादातर रोजगार सेवक ब्लॉक व ब्लॉक के बाहर ही डेरा जमाये रहते हैं। मांडा विकास खंड के 69 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी कुल 53 रोजगार सेवकों पर है। अभी तक किसी भी रोजगार सेवक को कंप्यूटर, इंटरनेट तो दूर, कुर्सी, मेज और आलमारी तक नहीं मिल पायी है। जनपद के अधिकारियों ने इस संबंध में बीडीओ मांडा को निर्देशित भी किया है। अधिकारियों के निर्देश के बाद भी बीडीओ मांडा अमित कुमार मिश्रा ने भी सभी प्रधानों और ग्राम पंचायत अधिकारियों को यह निर्देशित किया कि सभी संबंधित रोजगार सेवकों को कंप्यूटर, कुर्सी, मेज, आलमारी और लागिन उपलब्ध कराया जाये, जिससे निरर्थक ब्लॉक का चक्कर लगा रहे रोजगार सेवक ग्राम सचिवालय में ग्राम पंचायत का काम कर सकें।

लाड़ली कान्वेंट स्कूल के तरफ से जरूरतमंदों को वितरित किया गया कंमल

करछना प्रयागराज जिले के यमुनापार क्षेत्र के बड़ी हल्दी गांव के लाडली कॉन्वेंट स्कूल की तरफ से बुधवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए असहाय और जरूरतमंदों के बीच इस वर्ष की भांति इस बार भी लाडली कान्वेंट स्कूल की तरफ से कंबल का वितरण किया गया इस वर्ष भी कड़ाके की ठंड पड़ने पर 600 सौ कंबल का वितरण सुबह 12:00 से स्कूल में वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य स्थिति के रूप में उपस्थित डॉक्टर अशोक गौतम पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि पूर्व विधायक प्रत्यासी मोहम्मद अकरम समाज का सेवा करते चले आए हैं और करते ही रहेंगे मैं इनके साथ हमेशा कंधे से कंधे मिलाकर साथ चलता रहूंगा। पूर्व विधायक प्रत्यासी मोहम्मद चांद अकरम ने कहा कि ऐसे ही समाज की सेवा कई वर्षों से हम करते चले आए हैं जब तक मेरी सांस चलेगी तब तक मैं ऐसे समाज का सेवा करता रहूंगा। इस मौके पर। पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह डॉक्टर अफजल , सगीर अहमद, विधानसभा अध्यक्ष अभय राज गौतम, मोहम्मद मौज्जम, शहजादुल हक, मोहम्मद समसुल, जमुना प्रसाद, शाहिद कादरी, संतोष, मुन्ना, नरेंद्र गौतम , आदि क्षेत्र के लोग मौजूद रहे

स्टैंडर्ड इंटर कालेज मेंआयोजित किया गया पुरातन छात्र और शिक्षकों का सम्मान समारोह

मऊआइमा। मऊआइमा के स्टैंडर्ड इंटर कॉलेज में पुरातन शिक्षकों ,एंव छात्रों को एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। बताया गया है कि प्रधानाध्यापक राकेश यादव, प्रबंधक एवं पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद यूनुस, अध्यापक मोहम्मद मेराज, असलम मोहम्मद कैसर खां, जगदीश सिंह, अरविंद, रामनरेश, कृष्ण देव यादव मो. अशफाक सम्मानित किए गए। पुरातन छात्रों में मोहम्मद इरफान, मोहम्मद इमरान, बबलू चौरसिया, अनिल चौरसिया, बृजेश पटेल, मोहम्मद इस्तखार, बेलाल अहमद आदि मौजूद थे। प्रधानाध्यापक से लेखक सभी स्टाफ को साल और अनेकों प्रकार के गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधान मिथिलेश ने सरकार को सराहा

करछना। प्रयागराज विकास खंड करछना के डांडो. गांव स्थित आर डी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता के रूप में यमुना पार जागृति मिशन के संयोजक व भाजपा नेता डॉ भगवत पांडेय मौजूद रहे । उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार की ओर से चलाई जा रही तमाम जन कल्याणकारी और लाभकारी योजनाओं को मौजूद लोगों के बीच में एक-एक करके गिनाया । और कहा कि डबल इंजन की सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनमानस को मुहैया हो रहा है । विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद सिंह पटेल और डाडो.ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार पटेल की ओर से मौजूद सभी लोगों का फूल मालाओं से स्वागत व अभिनंदन किया गया । और सभी लोगों के प्रति आभार भी जताया गया । वहीं मछहर उर्फ पुरवा गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रयागराज उत्थान समिति कचरी के प्रबंधक व समाज सेवक डॉ कुलभूषण सिंह पटेल की ओर से लोगों को योग के प्रति जागरूक भी किया गया। इस मौके पर भडेवरा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ,महामंत्री राम मनोहर लोहिया , सालिक राम तिवारी,रामबाबू पटेल ,राजेश पांडेय ,गंगेश्वर मिश्र, मिथिलेश कुमार ,प्रमोद सिंह, राम पूजन यादव, संजय तिवारी, शेष बहादुर पटेल ,शशिकांत पटेल, त्रिशूल नाथ पटेल , कमलेश साहू सहित महिलाएं लोग भी मौजूद रही।

हर मंदिर हो राम मंदिर, हर नगर अयोध्या बनाएंगें, जय श्रीराम गाएंगे

जंघई। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं एवं राम भक्तों ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत, पत्रक व श्रीराम मंदिर चित्र को मुहीउद्दीनपुर गांव में घर घर जाकर वितरण किया।अयोध्या में बने श्री रामलला के भव्य मंदिर में श्री रामलला की मूर्ति में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी, इस दिन सभी राम भक्तों से आग्रह किया गया कि अपने अपने घरों के सामने रंगोली बनाएं एवं शाम के समय पांच दीपक जलाएं एवं दिन में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के समय गांव के ही मंदिरों में भव्य अयोजन कर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाएं।मुहीउद्दीनपुर के हर घर में संपर्क करके अयोध्या से आए पूजित अक्षत को वितरित किया गया और श्रीराम लला के दर्शन हेतु निमंत्रण पत्र दिया गया। इस अवसर पर प्रतापपुर खंड विस्तारक उदयवीर, जिला बालोपासना प्रमुख देवेंद्र प्रताप सिंह, विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष सोमेश केसरवानी, बजरंग दल प्रखंड संयोजक बृजेश यादव शेरा, टोली प्रमुख मानस, अमन, विशाल, दिशु, अंकित, प्रिंस, शिवम, अनुज, आशीष, अमित, श्रीक, अंश, ठाकरे सहित तमाम स्वयंसेवक मौजूद रहे। इस दौरान जय श्रीराम एवं समर्पण लेनें आये थे, निमंत्रण देने भी आयेगें।हर मंदिर हो राम मंदिर, हर नगर को अयोध्या बनाएंगें जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए।

दहेज हत्या के आरोप में पुलिस ने पति को भेजा जेल

मऊआइमा। मऊआइमा कस्बा के कंजिया कलां तीन बत्ती निवासी हिदायत उल्ला की पत्नी शाहिस्ता परवीन ने 6 जनवरी को अपने घर में संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर जान दे दी थी।मयके पक्ष ने मुकदमा दर्ज कराया था। जौनपुर के मुंगराबादशाहपुर निवासी मोहम्मद अय्यूब की बहन शाहिस्ता परवीन की शादी छह माह पूर्व हुई थी।छह जनवरी को शाहिस्ता परवीन ने अपने कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ देख परिजनों ने शव उतार कर मयके और मयके पक्ष को दी। मृतका के भाई अय्यूब ने दहेज में कार न मिलने पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को मऊआइमा पुलिस ने पति हिदायत उल्ला उर्फ सोनू पुत्र हसमत उल्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।शेष की तलाश जारी है।

गरीबों में वितरित किया कंबल

मऊआइमा। शीतलहरी को देखते हुए भाजपा नेता दिलशाद अहमद कल्लू ने अपने जन्म दिन पर गरीबों को मुफ्त में कंबल वितरित किया। वहीं मुफ्त में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल उठे। दिलशाद अहमद कल्लू ने बताया कि उनके जन्म दिवस पर एम एल सी सुरेंद्र कुमार चौधरी ने केक काटा और दीर्घ आयु की कामना की है।

सहसों में चल रही राम कथा का श्रवण कर श्रोता हुए भाव विभोर

सहसों। श्री रामचरितमानस सम्मेलन समिति सहसों के तत्वावधान में श्री राम जानकी मंदिर के बगल नौ दिवसीय चल रही संगीतमय नौ दिन सुनिए राम कथा के सातवें दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर साध्वी माता अन्नपूर्णा जी के अमृतमयी वाणी द्वारा राम राज्याभिषेक एवं राम वन गमन की सुंदर प्रसंग सुनते हुए श्रद्धालु श्रोता भक्त नर नारी भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि जैसे ही चक्रवर्ती सम्राट दशरथ ने गुरु वशिष्ठ से राम का राजा अभिषेक की तिथि निश्चित किया वैसे ही महारानी कैकेई की दासी मंथरा ने रानी कैकेई को दिग्भ्रमित कर दिया और राजा दशरथ से दो वरदान की याद दिलाते हुए भगवान राम को 14 वर्ष का वनवास एवं कुमार भरत को राजगद्दी मांग लिया। जिसको सुनते ही महाराज दशरथ अपना होशो हवाश खोते करुण क्रंदन करने लगे। कथा व्यास ने उपस्थित महिला श्रोताओं से कहा कि अपने घर परिवार को टूटने बिखरने मत दो किसी भी मंथरा के बहकावे में मत पड़ो श्रेष्ठ जनो की सुनो और जानो परिवार को एक सूत्र में बांधकर चलो। उन्होंने राम वन गमन प्रसंग को श्रवण कराते हुए बताया कि वह बेटा बड़भागी है जो अपने माता-पिता की सेवा करे, उनके आदेश को शिरोधार्य करे राम जैसा बेटा बनकर अपने कुल का नाम करो। कथा व्यास ने नौजवानों को संदेश देते हुए कहा कि बेटा मां से कभी उरिण नहीं हो सकता। मां मां होती है जो बेटा अपने माता-पिता की सेवा करे वही सच्चा धर्म है। माता-पिता की डांट फटकार में भी उसका प्रेम और आशीर्वाद झलकता है। कथा व्यास ने कहा रामचरितमानस हमें अच्छे जीवन जीने की कला एवं संस्कार सिखाती है सो इस ग्रंथ को पढ़िए समझिए और जीवन को संवारते हुए मन को प्रभु भक्ति में लगाकर अपने जीवन में उतारिए। यह जीवन कृतार्थ एवं तरते हुए मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। कथा विश्राम पर समिति के अध्यक्ष व जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी परिवार समेत आदि कथा प्रेमियों ने व्यासपीठ, मयार्दा पुरुषोत्तम राम तथा मानस भगवान की आरती उतारी तत्पश्चात भक्त श्रोताओं में प्रसाद का वितरण हुआ। कथा पंडाल में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, संदीप द्विवेदी, सूर्यकांत तिवारी, सत्यम केसरवानी, चंद्रेश कुमार केसरवानी, अक्षय केसरवानी, जय किशन सोनी, रामजी बिन्द, इंजीनियर मनोज प्रजापति, उमेश केसरवानी, ब्रिटिश केसरवानी, पंडित दिनेश चंद्र तिवारी, विजय कुमार तिवारी एवं दिनेश चंद्र केसरवानी सहित भारी संख्या में कथा रसिक श्रोताओं ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

पूसी तेरस के मेले में लोगों की उमड़ी भीड़

जारी। जारी क्षेत्र स्थित सर्व मनोकामना सिद्ध तीर्थस्थल मुड़फूटेश्वर महादेव और जलेश्वर महादेव जारी गांव में पौष तेरस के मेले में ग्रामीणों की उमड़ी भारी मात्रा में भीड़। बता दे की जारी गांव मुड़फूटे महादेव शिवमंदिर परिसर में परम्परागत पूसी तेरस मेले को लेकर तैयारियां पहले से ही पूरी व्यवस्था कर ली गई थी । दिन मंगलवार को मंदिर परिसर में दूर-दूर से आये दुकानदारों की दुकाने सजा कर मेले का शोभा बढ़ा रही थी । वहीं बच्चों के लिए खेल तमाशा दिखाने वाले लोग भी मेले में पहुंच चुके हैं। मेले में होने वाली भीड़ के मद्देनजर मंदिरों की साफ सफाई के साथ-साथ परिसर में आने वाली दुकानें सज गई हैं। दूर दराज से आकर दुकान व , तरह-तरह के आकर्षक स्टाल लगाने वाले लोग भी अपने-अपने स्थान और ठिकाने बना लिए हैं। पौराणिकता से जुड़े स्थित शिवमंदिरों में दर्शन और जलाभिषेक करने के लिए पूसी तेरस मेले में महिलाओं की भारी भीड़ जमा होती है। कई वर्षों से जारी गांव स्थित मेले में मुड़ फूटे महादेव मंदिर के पास लगे मेले में लोगों ने गन्ने खिलौनों की खूब खरीददारी हुई। साथ ही बच्चों ने झूले का भी खूब आनंद उठाया क्या बच्चे क्या नौजवान अपने अपने बच्चों को मेले में घुमाते हुए नजर आए। खूब खरीदारी की जहां मेले में रौनक बनी रही । मेले की व्यवस्था धर्मयात्रा जारी गांव परिवार कमेटी सदस्यों द्वारा की गई। इस अवसर पर अर्जुन सिंह,संजय सिंह,वीरेन्द्र गौड़,अरूण प्रताप सिंह, सतीश सिंह, राजुपंडित ,कमलेश मौर्य,पिंटू सिंह, नवीन मिश्रा,मोहित सिंह, दीपक सिंह, श्याम कुशवाहा, राकेश कुश, और समस्त युवा शक्ति आदि रहे। वहीं स्थानी पुलिस प्रशासन के जवान भी मौजूद दिखे।

पूरा उत्तर प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है : अरुण तिवारी अध्यक्ष कांग्रेस

करछना। प्रयागराज उत्तर प्रदेश में अपराध की आग में जनता पिस रही है अपराधी बेखौफ होकर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में महिलाओं के प्रति अपराधों के मामलों में पहले स्थान पर है पूरे भारत में होने वाले अपराधों में 15% अपराध उत्तर प्रदेश में होते हैं हालात कितने बस्तर हो गए हैं कि इसकी सिर्फ दो बानगी पर प्रकाश डालते हुए उक्त बातें कांग्रेस जिला कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी ने करछना में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों के बीच कहीं उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 2 नवंबर 23 को आईआईटी की छात्रा का तीन लड़कों द्वारा जबरन गन पॉइंट पर उसकी नग्न अवस्था का वीडियो बनाया गया एवं दुष्कर्म किया गया 3 नवंबर को कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने बता दिया था कि इस घटना में भाजपा के लोगों का हाथ है इसके बाद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई तथा 5 नवंबर को सीसीटीवी फुटेज में लड़कों की पहचान कर ली गई वही आरोपी मध्य प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रचार कर रहे थे ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि सरकार कितनी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है घटना के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की है दूसरी घटना में प्रदेश के मुख्यमंत्री के क्षेत्र गोरखपुर की है जहां विनोद उपाध्याय को सुल्तानपुर से पुलिस द्वारा कथित मुठभेड़ में मार दिया गया यह बातें आईने की तरह साफ है कि गोरखपुर में रहने वाले विनोद उपाध्याय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पुराने विरोधी रहे हैं योगी जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद विनोद उपाध्याय पर शिकंजा बड़ा दिया गया क्रमशः उन पर इनाम की राशि बढ़ा दी गई मामले को गंभीरता से दिखाने के लिए बढ़ाई गई तथा तमाम प्रदेश सरकार की ऐसी कयी मुद्दे चर्चा में रहे हैं बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के अध्यक्ष अरुण तिवारी डॉक्टर दिनेश कुमार सोनी रंगराज सिंह प्रमोद नारायण तिवारी ओमप्रकाश ओम शांति विद्याधर मिश्र प्रकाश पांडे आशीष कुमार मिश्रा सुरेश कुमार पटेल नागेश पांडे रविदास सिंह एडवोकेट श्याम बाबू अनिल पांडे सरोज मिश्रा पवनेश कुमार आज बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकताओं ने अक्षत और आमंत्रण पत्र का किया वितरण

सिरसा प्रयागराज मेजा क्षेत्र में अयोध्या से आए पूजित अक्षत आमंत्रण पत्र अयोध्या मंदिर की तस्वीर का वितरण करने का कार्य राम भक्तों द्वारा घर-घर किया गया साथ ही आदमी 22 जनवरी को रामलाला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखना तथा शाम को घर-घर में दीप जलाकर दीप उत्सव मनाने की अपील की गई। भाजपा नेता ओम प्रकाश विश्वकर्मा (कोषाध्यक्ष) प्रयागराज के नेतृत्व में भाजपा एवं संघ के कार्यकताओं द्वारा घर-घर दस्तक देखकर अयोध्या से अयोध्या से पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा नेता ओम प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा रामलला की 22 जनवरी को भव्य दिपउत्सव मनाने का आग्रह किया। आमंत्रण पत्र में लोगों से कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को सुबह 11:00 बजे दोपहर 1:00 के करीब गांव मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आज पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके भजन कीर्तन करने की अपील किया गया। टीवी वह एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण लोगों को दिखाने और शंखध्वनि घंटानाद के साथ आरती कर प्रसाद का वितरण करने का आग्रह किया गया। सुंदरकांड राम रक्षास्तोत्र में का पाठ करने का सुझाव दिया गया और शाम को अपने-अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए कम से कम पांच दिप जलाने और दीपमालाएं सजाने की अपील किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में भाजपा एवं संघ के कार्यताओं उपस्थि रहे।

हंडिया मे क्रिकेट फाइनल मैच में कनकपुर को हराकर जीता मुगल वारियर दरियापट्टी

हंडिया। हंडिया कस्बे के जंघई रोड पर स्थित हाजी शाह मोहम्मद मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच मुगल वॉरियर दरिया पट्टी एवं कनकपुर इलेवन के बीच खेला गया । पहले बल्लेबाजी करते हुए कनकपुर की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 87 रन बनाए। जवाब में उतरी मुगल वॉरियर की टीम ने पांचवें ओवर में ही चार विकेट खोकर मैच जीत कर ट्रॉफी अपने नाम करते हुए शानदार जीत का परचम लहराया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार बल्लू सिंह को दिया गया। पुरस्कार का वितरण पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी आदर्श नगर पंचायत हंडिया चंदन सिंह यादव रहे जहां पर उनका आयोजक मंडल के द्वारा जोरदार अभिनंदन किया गया । विशिष्ट अतिथि के रूप में अकमल इमाम एवं लल्लन अंसारी रहे जहां पर उनका भी जोरदार अभिनंदन किया गया। बता दें कि चंदन सिंह यादव का काफिला जैसे ही खेल के मैदान पर पहुंचा उनके आन बान शान एवं काफिले को देखकर खिलाड़ी ही नहीं हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों में गजब का उत्साह भर गया लोग चंदन सिंह यादव से मिलने के लिए बड़ी बेसब्री से अपनी अपनी बारी का इंतजार करते रहे । इस दौरान चंदन सिंह यादव ने कहा कि हंडिया क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं में गजब की प्रतिभा उनके अंदर कूट कूट कर भरी है आवश्यकता है उन्हें शिखर पर ले जाने के लिए जिम्मेदारों की। वह दिन दूर नहीं है कि जब हंडिया क्षेत्र के प्रतिभावान युवा खिलाड़ी बुलंदियों पर पहुंचकर हंडिया का नाम जरूर रोशन करेंगे। दशकों में गजब का उत्साह भरने के लिए प्रदेश स्तर के हरफनमौला कॉमेंटेटर गुलाम मुस्तफा में अपने कंमेंट्री से लोगों को खूब हंसाया। कॉमेंटेटर का बेस्ट पुरस्कार गुलाम मुस्तफा मोहम्मद अंसार अंसारी मोहम्मद आरिस सिद्दीकी सादिक इमाम को देकर पुरस्कृत किया गया । इसके अलावा स्कोरर तबरेज खान अंपायर मोहम्मद निसार मोहम्मद आसिफ को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बेहतरीन दर्शक का पुरस्कार मोहम्मद याकूब किशोरा मुस्तकीम एवं जमुना प्रसाद असवां दाउद पुर को दिया गया।आयोजक पूर्व सभासद मोहम्मद अकरम उर्फ बाउल ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर चंदन सिंह यादव लल्लन अंसारी अकमल इमाम डॉ मोहम्मद इस्लाम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा देश को ताकत प्रदान करने का सशक्त माध्यम साबित होगा-इंद्रनाथ

कौंधियारा। विकासखंड कौंधियारा के बड़गोहना कला और प्राथमिक विद्यालय बारी बजहिया में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विभिन्न विभागों की योजनाओ से लाभान्वित लोगों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया साथ ही ग्रामवासियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण भी कराया गया।कार्यक्रम में एडीओ पंचायत सहित सभी ब्लॉक स्तर के विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रहे सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा शुरू की गई यह यात्रा केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहे लोगों तक पहुंचाने का मुख्य माध्यम है।विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख संघ प्रयागराज इंद्रनाथ मिश्र ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से जन-जन की सेवा करने और 'विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं,विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रह जाए।भाजपा नेता राजेन्द्र मिश्र बबुआन ने कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति तक हमारी सरकार स्वयं पहुंच रही है,साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं से जोड़ रही है। इस कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात एलईडी वाहन द्वारा उत्तर प्रदेश और भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी योजनाओं का चलचित्र के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को दिखाया गया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी ओपी गुप्ता, रामानंद त्रिपाठी, शिव प्रसाद केसरवानी, दिनेश त्रिपाठी,प्रधान विद्या धर बिंद, अरुण तिवारी, प्रधान सूर्यकली पटेल, रामदुलार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री जी खेलो प्रयागराज-महापौर कप 2023 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हुए सम्मिलित

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम, प्रयागराज में खेलो प्रयागराज-महापौर कप 2023 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए एवं 25 दिसम्बर, 2023 से 09 जनवरी, 2024 के मध्य आयोजित हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की विजेता टीम व खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जी ने अपने सम्बोधन में महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी जी को इतने बड़े आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि आपने नगर निगम क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों व बच्चों को प्लेटफार्म देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी तो हर घर में है, किन्तु उन्हें मौका नहीं मिल रहा है, उन्हें प्रोत्साहन व एक अच्छे प्लेटफार्म की आवश्यकता है, जिसे देने का प्रयास हमारी सरकार प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी के

उपमुख्यमंत्री जी ने महापौर कप-2023 की विजेता महापौर टीम व अन्य खिलाड़ियों को प्रदान की ट्राफी, खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में केन्द्र व प्रदेश की सरकार कर रही है हर सम्भव मदद

नेतृत्व में कर रही है। हमें विश्वास है कि आप खिलाड़ियों के अंदर ओलम्पिक पदक लाने की क्षमता एवं प्रतिभा है। उन्होंने खिलाड़ियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आप सभी लोग कड़ी मेहनत करते हुए निरंतर आगे बढिए, हमारी डबल इंजन की सरकार आपके साथ है। आज हमारे प्रयागराज के प्रतिभाशाली खिलाड़ी खेल की सभी विधाओं में बड़े-बड़े अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त कर रहे है।उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रयागराज ने स्वच्छता रैंकिंग में देश भर में अच्छी रैंकिंग प्राप्त किया है, इसके लिए मैं महापौर, पार्षदों व नगर वासियों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल महापौर, पार्षदो व सफाई कर्मियों के चाहने से ही सम्भव नहीं है जबतक हम सभी नगरवासी स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर स्वच्छता को नहीं अपनायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त प्रदेश बनाने का फैसला लिया है, आज आप सभी लोग यह संकल्प लें कि हम सब सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे। कहा कि कुम्भ मेला 2019 में प्रधानमंत्री जी ने प्रयागराज की स्वच्छता को देखते हुए सफाई कर्मियों के चरण धोने का कार्य किया था। हम सब देश को स्वच्छ बनाने के लिए 14 जनवरी से 22 जनवरी तक चलने वाले स्वच्छता के विशेष अभियान में सम्मिलित होकर अपना योगदान दें।

इस अवसर पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पहले हमारा देश पदक तालिका में नीचे रहा करता था, लेकिन अब मा0 प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी ने खेल व खिलाड़ियों पर जिस संवेदना के साथ कार्य किया है, उसका परिणाम है कि आज भारत पदक तालिकाओं में उत्तरोत्तर उच्च स्थान प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की उसमें अपनी भूमिका हो, हमारे प्रयागराज की खेल प्रतिभाओं को अवसर मिल सके, उन्हें मंच मिल सके, उनमें आत्म विश्वास पैदा हो सके, इसके लिए उपमुख्यमंत्री जी के निर्देशन में यह महापौर कप खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस खेल प्रतियोगिता में लगभग 4 हजार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि का महापौर ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। ईश्वर शरण डिग्री कालेज, जीजीआईसी सिविल लाइन, सेंट एण्ट एंथोनी, क्राथवेस्ट कालेज की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उपमुख्यमंत्री जी ने महापौर कप-2023 की विजेता ह्यह्यमहापौर टीमह्लह्ल को महापौर कप की ट्राफी व अन्य विजेता टीमों व खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की।

इस अवसर पर सांसद इलाहाबाद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी, सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, श्रीमती निर्मला पासवान, के0पी0 श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, यमुनापार अध्यक्ष विनोद प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण, खिलाड़ी व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

पीसीएस के इंटरव्यू में भी छाए राम : पूछा- देश की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए राम मंदिर की क्या भूमिका होगी

प्रयागराज। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरा देश राम मय हो गया है। वहीं पीसीएस-2023 का इंटरव्यू भी इससे अछूता नहीं है। सोमवार से शुरू हुए इंटरव्यू के पहले दिन सवालों में भी भगवान राम छाए रहे। अध्योध्या, राम और प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अभ्यर्थियों से कई प्रश्न पूछे गए।

पीसीएस-2023 के तहत 254 पदों पर भर्ती के लिए 12 जनवरी तक चलने वाले इंटरव्यू के लिए 451 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है। इंटरव्यू के लिए छह बोर्ड गठित किए गए हैं और पहले दिन 90 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। अयोध्या सहित अन्य मुद्दों से जुड़े ज्यादातर सवाल ऐसे रहे, जो अभ्यर्थियों की समझ, उनकी तर्कशक्ति, ज्ञान, सोच, व्यक्तित्व, नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता को परखने वाले रहे।

अभ्यर्थियों से पूछा गया कि पीएम अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, यह धर्म निरपेक्ष होगा या नहीं? यह भी पूछा गया कि देश की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए राम मंदिर की क्या भूमिका होगी और पूर्व में बनाए गए मंदिरों की अब तक क्या भूमिका रही है? राम ने सीता को वनवास क्यों भेजा और क्या उनका यह निर्णय सही था? पहले दिन परिस्थिति आधारित सवालों की भी अधिकता रही।

मंडलायुक्त ने जल निगम (नगरीय) के सीवर लाइन बिछाने के कार्यों का किया निरीक्षण

कार्यों में गुणवत्ता ना पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर खासी नाराजगी व्यक्त की

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा अलोपीबाग इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन से मम्फोर्डगंज सीवेज पंपिंग स्टेशन तक डक्टाइल आयरन सीवर राइजिंग मेन 1000 मिमी व्यास डी.आई. को बिछाने एवं क्रियान्वित करने के कराए जा रहे कार्यों का आज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यों की भौतिक प्रगति सिर्फ 10% पाई गई जिसे कि अगले तीन माह की निर्धारित डेडलाइन में पूर्ण करना कठिन प्रतीत होता है। सड़क में मिट्टी एवं जीएसबी लेयर डालने का काम भी मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। साथ ही आसपास के घरों में दिए जा रहे कनेक्शन को अस्थाई तौर पर जोड़ा गया था जिनकी भविष्य में क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। मंडलायुक्त ने कार्यों में गुणवत्ता ना पाए

जाने पर संबंधित अधिकारियों पर खासी नाराजगी व्यक्त की तथा उन्हें सभी कार्य पार्ट चार्ट के अनुसार करते हुए प्रतिदिन कम से कम 100 मीटर सीवर लाइन बिछाने के निर्देश दिए हैं। थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी को निरंतर कार्यों की गुणवत्ता की जांच करते रहने तथा किसी भी तरह का डायवर्जन पाए जाने पर मेला अधिकारी को सूचित करने को कहा है।

सर्दी जुकाम के मरीजों की संखा बढी, नेत्र चिकित्सालय पर धनादोहन का आरोप

मऊआइमा। इस समय शीतलहरी एवं हाड कंपा देने वाली ठंड में मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सर्दी जुकाम के मरीजों की संखा एकाएक बढ गई है। जबकि नेत्र चिकित्सक पर धनादोहन का आरोप लगाया जा रहा है। मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों सर्दी जुकाम की मरीजों की संखा बढ गई है। अस्पताल कर्मी सभी को दवा जरुर दे रहे हैं। परन्तु आरोप है कि कतिपय रिश्वतखोर डाक्टरों द्वारा मरीजों को अस्पताल की दवा न लिख कर अस्पताल के बाहर एक दर्जन मेडिकल स्टोर्स की सेटिंग की दवा लिख रहे हैं। आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आए हुए मौजूद मरीजों ने बताया कि अधिकांश सर्दी, जुकाम,खांसी के मरीज हैं तथा पेट में कबजियत के मरीजों की संखा बढी है। डाक्टरों का कहना है कि अमूमन इस ठंडक में सर्दी जुकाम खांसी के अलावा कब्जियत के मरीजों की संखा बढ जाती है। आरोप है कि मौजूद नेत्र सहायक मरीजों को चश्मा बनाने के लिए पैसों की वसूली में तल्लीन है तथा बाहर की दवा लिखने के बारे में पूछा गया तो कहा कि अस्पताल में सरकार दवा नहीं भेजती है। इस बाबत सी एच सी प्रभारी राम गोपाल वर्मा ने कहा कि सारी दवा मौजूद है। जो बाहर की दवा लिख रहे हैं उसका वह बताएंगे।

नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना से स्वदेशी गौ पालक को मिल रहे अनुदान से खुशी

सोरांव। उत्तर प्रदेश सरकार के नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत स्वदेशी गौ संबर्धन योजना में इलाके के यूसुफपुर गांव में स्थित गोविंद गोधाम के संचालक कृष्ण गोविंद पुत्र राम खेलावन पटेल को डिस्ट्रिक एग्जीक्यूटिव कमेटी द्वारा ई लाटरी के माध्यम से चयनित किया गया है। जिससे क्षेत्र के लोगों ने सरकार का आभार व्यक्त किया है। योजना के तहत स्वदेशी उन्नत नस्ल की दो गायों जैसे गिर गाय, साहीवाल गाय, हरियाणा गाय, थारपारकर गाय को प्रदेश के बाहर से खरीदने एवं यूनिट स्थापना हेतु गोविंद गोधाम के संचालक को सरकार की तरफ से स्वीकृत किया गया है। जिसमे अधिकतम दो गायों को दो लाख रुपए की खरीद पर सरकार की तरफ से चालीस प्रतिशत यानी अस्सी हजार रुपए की सब्सिडी के रूप में सीधे लाभार्थी (संचालक) के खाते में विभाग द्वारा डीबीटी के माध्यम से भेजा जाएगा। सरकार की इस योजना से लाभान्वित होकर गौ पालकों में उक्त स्वदेशी उन्नत किस्म की गाय पालने व दुग्ध उत्पादन में बढ़ावा मिलेगा। इस योजना से खुश होकर गौ पालक कृष्ण गोविंद पटेल, बाल गोविंद पटेल संग परिवार की महिलाएं ऊषा देवी पटेल, मोनिका पटेल रीतू पटेल सहित गौ पालकों में खुशी का माहौल है। इसके लिए पशु चिकित्सा अधिकारी सोरांव डॉक्टर रेवती प्रसाद, फार्मा सिस्ट डॉक्टर अमृत लाल संग अन्य स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सूचना

मेरा बीए तृतीय वर्ष सत्र 2021-22 अनुक्रमांक 2011710011177 सम्बद्ध प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज का अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

सुभांशू पुत्र राजेश नारायण गांव चतुरपट्टी, पोस्ट हरीपुर मरों जिला प्रयागराज

देशी दारू की दुकान पर महिलाओं ने किया हंगामा

हनुमानगंज। सरायइनायत थाना क्षेत्र के अमलापुरम गांव स्थित देसी शराब की दुकान को बंद करने के लिए मंगलवार को दर्जनों महिला लाठी डंडा लेकर दारू की दुकान पर पहुंची और हंगामा करने लगी महिलाओं का आरोप था कि गांव में शराब की दुकान होने की वजह से युवाओं को नशे की लत लग रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझा बूझकर शांत कराया। अमलापुरम दलित बस्ती में देशी शराब की दुकान है। मंगलवार को दर्जनों गांव की महिलाएं देसी शराब की दुकान पर पहुंच गई और सेल्समेन से तुरंत दुकान बंद करने की मांग करने लगी सेल्समैन महिलाओं को समझाने का प्रयास कर रहा था पर महिला किसी की एक नहीं सुन रही थी बस उनका कहना था कि इस दुकान को गांव के बाहर किया जाए। गांव में दुकान होने की वजह से नशेड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। महिलाओं का कहना था कि आए दिन दारू से न जाने कितने लोगों की मौत हो रही है लोग नशेड़ी होने की वजह से लोग अपने काम धंधे को भी छोड़ रहे हैं और नशे के लिए गलत रास्ते पर जा रहे हैं। महिलाओं के हंगामा की सूचना की पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझा बूझकर शांत कराया। थाना प्रभारी पंकज राय ने बताया कि महिलाओं ने हंगामा किया था पर किसी ने कोई भी लिखित शिकायत नहीं की है।

प्रयागराज में कराए जा रहे सौंदरीकरण के दृष्टिगत मेला अधिकारी ने की बैठक

प्रयागराज। आगामी महाकुंभ 2025 से पहले जनपद प्रयागराज में कराए जा रहे सौंदरीकरण के दृष्टिगत मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद की अध्यक्षता तथा जिलाधिकारी नवनीत चहल एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में मेला कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर चर्चा करते हुए मेला अधिकारी ने सर्वप्रथम प्रयागराज को स्वच्छता एवं पर्यटन के दृष्टिकोण से तिरूपति एवं अन्य विश्वस्तरीय आध्यात्मिक पर्यटन केन्द्रों की भांति विकसित करने का प्रयास करने को कहा। उन्होंने सौंदरीकरण हेतु कराये जा रहे कार्यों पर बिन्दुवार चर्चा करते हुए सर्वप्रथम पिछले कुम्भ में विकसित किए गए 64 ट्रैफिक जंक्शन का आवश्यकतानुसार पुनः सौन्दर्याकरण करने एवं महाकुम्भ 2025 के दृष्टिकोण

से चिन्हित किए गए 39 ट्रैफिक जंक्शनों को नये सिरे से विकसित करने पर जोर दिया। इसी क्रम में मेला क्षेत्र तक आने वाले सभी एप्रोच रोड पर आने वाले सरकारी भवनों के फसाड तथा गेटों को एकरूपता देने पर भी चर्चा हुई। जीटी जवाहर तथा मेला क्षेत्र के आसपास के एरिया को भी एकरूपता देने पर चर्चा की गयी।फ्लाईओवर एवं एप्रोच रोड पर बेहतर लैण्ड स्केपिंग एवं हरित बेल्ट विकसित करते हुए सुन्दर साइनेज व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। शहर एवं मेला क्षेत्र में थीम लाइटिंग भी करायी जाएगी जो नवम्बर 2024 से मार्च 2025 तक विभिन्न मार्गों पर दिखायी पड़ेगी। इस कार्य हेतु विजली विभाग के अधिकारियों को कान्सेप्ट नोट बनाकर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए। शहर के विभिन्न इंट्री प्वाइंट पर विकसित किए जा रहे थिमैटिक गेट्स पर किस तरह की मूर्तियां लगायी जा सकती है एवं सौन्दर्यीकरण कराया जा सकता है इस पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी एवं सुझाव मांगे गये हैं। पर्यटन विभाग से स्टेट्स पवेलियन एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन एवं अन्य स्थानों पर विकसित करने को कहा गया है जिसमें विभिन्न प्रदेशों का खाना पर्यटकों हेतु उपलब्ध कराया जा सकेगा। इन सभी कार्य के कॉन्सेप्ट नोट अगले दो हफ्ते में संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत करने को कहा गया है।

मेलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में वेण्डिंग - नान वेण्डिंग तथा पार्किंग एवं नो पार्किंग जोन्स विकसित करने पर भी चर्चा की जिसके दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों से सुझाव मांगा गया है। आगामी महाकुम्भ में हर बार की भांति पर्यटन विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाने के साथ साथ सेना द्वारा एक डिफेन्स म्यूजियम स्थापित करने पर भी चर्चा की गयी जिसके अन्तर्गत सेना के अधिकारियों से राष्ट्र प्रेम दशार्ते हुए एक प्रदर्शनी लगाने का भी अनुरोध किया गया है।

नैनी से अलमारी बंधवा लेटे हनुमान जी के मंदिर में पहुंचाई गई

अयोध्या श्रीराम मंदिर के लिए नैनी के राम भक्त अर्पित तिवारी ने दस आलमारी तैयार कराई है

नैनी। नैनी मंगलवार को नैनी बाजार से बंधवा के लेटे हनुमानजी के मंदिर में अलमारी पहुंचाई गई है मंगलवार को महंत बलबीर गिरि आरती पूजा करके अलमारी को पहुंचाया जाएगा अयोध्या। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के लिए नैनी के एक राम भक्त बंधवा के लेटे हनुमानजी की प्रिटेड फोटो वाली दस आलमारी भेज रहे हैं। मंगलवार को श्री बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलबीर गिरि आरती व पूजा के बाद इसे अयोध्या के लिए रवाना करेंगे। अयोध्या में मंदिर के पुजारियों को अगर यह आलमारी पंसद आई तो वह इसे गर्भ गृह में ही रखेंगे। नैनी बाजार के रहने वाले सुरेश तिवारी व उनके बेटे अर्पित तिवारी ने बताया कि यह दस आलमारी सिर्फ मंदिर के लिए अलग से बनवाई गई है नैनी में बनाई गई आलमारी में बंधवा के बड़े हनुमानजी का चित्र है। बंधवा वाले लेटे हनुमान जी की प्रतिमा लगाकर बनाई गई नैनी बाजार में अलमारी को देखने के लिए भक्तों की भीड़ जुटी रही।

मांडा खास देवकुंठ नाथ मेले में लगी भक्तों की भीड़

मांडा। क्षेत्र के पहाड़ी पर स्थित देवकुंठ नाथ धाम में प्राचीन शिवमंदिर परिसर में पुषितेरस मेले के पहले दिन मंगलवार को क्षेत्र के लोगों की भीड़ उमड़ी। पुषितेरस के दिन मांडा क्षेत्र में मौसम साफ रहा। सुबह हल्के कोहरे के बाद दिनभर धूप खिली रही। मेले में पहुंची महिलाओं भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हुए मंगलगीतों के साथ आराधना की। बच्चों ने भी मेले में बांसुरी, गुब्बारे, झूले का जमकर लुत्फ उठाया। दो दिनी मेले के पहले दिन मौसम साफ होने के कारण बड़ी संख्या में पहुंचे। दुकानदारों ने मेले में खान-पान, घरेलू सामान, मिष्ठान और जरूरतमंद चीजों की दुकानें सजाई।

जिला पंचायत कर्मी का बेटा सीए बनने का हर्ष

मांडा। क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी व जिला पंचायत प्रयागराज कार्यालय में कार्यरत श्याम बिहारी पाल के बेटे दीपक पाल चार्टर्ड एकाउंटेंट पद पर चयन होने के बाद दिल्ली में नियुक्ति हुई। इस नियुक्ति के बाद उनके सहकर्मियों, मित्रों, परिजनों व शुभेच्छुओं में खुशी व्याप्त है। वही क्षेत्रीय लोगों द्वारा बधाई देने के लिए तांता लगा रहा।

घटिया निर्माण सामग्री देख नाराज लोगों ने काम रुकवाया

झूंसी। नगर के विस्तारित क्षेत्र झूंसी कोहना में कराए जा रहे विकास कार्यों में विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से घटिया सामग्री का प्रयोग ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। इसे लेकर लोगो मे आक्रोश है। मंगलवार को कालोनी वासियो ने हंगामा किया तो पार्षद भी पहुच गए और काम रुकवा दिया। क्षेत्र में कुंभ मेले के मद्देनजर नजर हर तरफ विकास कार्य चल रहे है। कुछ दिन पहले ही मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने झूंसी में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता देखकर नाराजगी व्यक्त की थी। लेकिन कमिश्नर की नाराजगी का अधिकारी और ठेकेदार पर कोई असर नहीं पड़ा। नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र जोन 8 के वार्ड 75 कोहना में प्रदूषण बोर्ड ऑफिस के पास सड़क की पटरी व नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। लोगो ने घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत नगर निगम के अधिकारियों से की, कार्रवाई न होने पर नाराज लोगो ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर काम बंद करवाने लगे। तभी स्थानीय पार्षद अनिल यादव भी मौके पर आ गए और उन्होंने ने लोगो के गुस्से को देखते हुए काम रुकवा दिया। उन्होंने बताया कि 60 लाख की लागत से हो रहे कार्य मे घटिया ईट लगाई जा रही है। मामले में नगर निगम के मुख्य अभियंता का कहना है कि सीएनडी टाइल्स लग रही है। जांच कराई जाएगी।

कार्यालय : नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशाम्बी।

नामान्तरण (गृहकर) सूचना

श्री रमेश चन्द्र केसरवानी पुत्र मोती लाल केरास्वानी निवासी वार्ड नम्बर 03. चौधरी वैजनाथ नगर (नेहरू नगर) मंझनपुर जनपद कौशाम्बी के द्वारा दिनांक 17.06 2023 के है रा अवेदन पत्र के साथ संलग्न रजिष्ट्री बैनामा दिनांक 10.01.1979 की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है, जिसमें अवेदक के द्वारा रजिष्ट्री बैनामा के अधार पर नगर पालिका परिषद गंडानपुर के भवन / गृहकर में नाम दर्ज करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। उ०५० नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं नगर पालिका परिषद गंडानपुर द्वारा निर्मित गृहकर एवं विविध उपविधि नियमावली 2021 में वर्णित सुरागत प्रावधानों के अन्तर्गत वर्तमान नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड नम्बर-05, सरदार पटेल नगर (पूर्व नगर पंचायत) (चक नगर प्रथम) के राजस्व ग्राम पाता भवन/प्लाट, के स्वामी श्री जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री बुधू राम निवासी मंझनपुर पोस्ट व तहसील मंझनपुर परगना करारी जनपद इलाहाबाद / कौशाम्बी के द्वारा विक्रय पंजीकृत बैनामा दिनांक 10.01.1979 जो विकृीत भूमि / प्लाट रजिष्ट्री बैनामा के पन्ना संख्या 01 से 04 में अकिंत विवरण के अनुसार विकृीत भूमि / प्लाट जो मौजा नम्बर-05. सरदार पटेल नगर (चक नगर प्रथम) परगना करारी तहसील मंझनपुर जिला इलाहाबाद वर्तमान में कौशाम्बी में स्थित है, जो कि उत्तर में चन्द्र प्रकाश मेहरोत्रा पूरब में आम रास्ता पश्चिम में सड़क दक्षिण में श्याम बिहारी का मकान लम्बाई 10 मीटर व चौडाई 7 मीटर विक्रय किया आधार पर उपरोका भवन / प्लाट के स्वामी के रूप में श्री रमेशचन्द्र केसरवानी पुत्र मोती लाल केसरवानी वार्ड नम्बर-05, सरदार पटेल नगर (चक नगर प्रथम) नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशाम्बी का नाम संयोजन हेतु प्रस्तावित है। उपरोक्त अंकित भूमि / भवन पर भवन कर नमान्तरण हेतु प्रस्तावित संयोजन / संशोधन पर यदि किसी भी व्यक्ति / समूह/हितलाभी को कोई आपत्ति हो तो उपरोक्त प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशाम्बी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें अन्यथा उपरोक्त भवन / भूखण्ड संशोधित नाम अंकित करने की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर दी जायेगी। जिसके जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद मंझनपुर जनपद कौशाम्बी की नही होगी। कार्यालय में प्राप्त आपत्ति के साथ आपत्तिकर्ता लिखित रूप में अभिलेखीय साक्ष्य के साथ-साथ मु० 1000.00 (एक हजार) रुपए आपत्ति शुल्क के रूप में नगर पालिका परिषद मंझनपुर में जमा करना अनिवार्य होगा, जो आपत्ति के सही पाये जाने पर आपत्तिकर्ता को वापस कर दी जायेगी तथा गलत आपत्ति पाये जाने की स्थिति में उपरोक्त आपत्ति शुल्क विभाग के पक्ष में जब्त कर लिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मंझनपुर
कौशांबी

पत्रांक संख्या : 16 न0पा0परि0 मं0/2023 दिनांक 8 जनवरी 2024

कार्यालय : नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशाम्बी।

नामान्तरण (गृहकर) सूचना

श्री रमेश चन्द्र केसरवानी पुत्र मोती लाल केसरवानी निवासी वार्ड नम्बर 03, चौधरी बैजनाथ नगर (नेहरू नगर) मंझनपुर जनपद कौशाम्बी के द्वारा दिनांक 17.06.2023 के द्वारा अवेदन पत्र के साथ संलग्न रजिष्ट्री बैनामा दिनांक 20.10.1991 की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है जिसमे अवेदक के द्वारा रजिष्ट्री बैनामा के अधार पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर के भवन / गृहकर में नाम दर्ज करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। उ०प्र० नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा निर्मित गृहकर एवं विविध उपविधि नियमावली 2021 में वर्णित सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत वर्तमान नगर पालिका परिषद मंझनपुर (पूर्व नगर पंचायत) के वार्ड नम्बर-05, सरदार पटेल नगर (चक नगर प्रथम) के भवन/प्लाट, के स्वामीः- श्री मो० आरिफ पुत्र श्री मो० इब्राहिम निवासीगण मंझनपुर पोस्ट व तहसील मंझनपुर परगना करारी जनपद इलाहाबाद / कौशाम्बी के द्वारा विक्रय पंजीकृत वैनामा संख्या- 2204/1994 (दिनांक 20.10.1994) जो विकृीत भूमि/प्लाट रजिष्ट्री बैनामा के पन्ना संख्या 01 से 02 में अकिंत विवरण के अनुसार विकृीत भूमि / प्लाट जो मौजा नम्बर-05, सरदार पटेल नगर (चक नगर प्रथम) परगना करारी तहसील सिराथू जिला इलाहाबाद वर्तमान में कौशाम्बी में स्थित है विकृति प्लाट 7 वर्ग मीटर लम्बा व 7 (सात) मीटर चौड़ा जो 52 विक्रय किया जिसकी चौहद्दी में उत्तर में सन्तोष कुमार पुत्र घनश्याम उर्फ कोइली का मकान व दक्षिण में राज किशोर पुत्र श्याम बिहारी का मकान पूरब विकृत प्लाट का निवास बाद जमीन विक्रेता मो० आरिफ पश्चिम में प्लाट कृता रमेश चन्द्र बाद सड़क है, आधार पर उपरोक्त भवन / प्लाट के स्वामी के रूप में मो० आरिफ पुत्र श्री मो० इब्राहिम, वार्ड नम्बर-05, सरदार पटेल नगर (चक नगर प्रथम) नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशाम्बी का नाम संयोजन हेतु प्रस्तावित है। उपरोक्त अंकित भूमि / भवन पर भवन कर नमांन्तरण हेतु प्रस्तावित सं गोजन / संशोधन पर यदि किसी भी व्यक्ति/समूह/हितलाभी को कोई आपत्ति हो तो उपरोक्त प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशाम्बी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें अन्यथा उपरोक्त भवन /भूखण्ड संशोधित नाम अंकित करने की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर दी जायेगी। जिसके जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद मंझनपुर जनपद कौशाम्बी की नही होगी। कार्यालय में प्राप्त आपत्ति के साथ आपत्तिकर्ता लिखित रूप में अभिलेखीय साक्ष्य के साथ-साथ मु० एक हजार रुपए आपत्ति शुल्क के रूप में नगर पालिका परिषद मंझनपुर में जमा करना अनिवार्य होगा, जो आपत्ति के सही पाये जाने पर आपत्तिकर्ता को वापस कर दी जायेगी तथा गलत आपत्ति पाये जाने की स्थिति में उपरोक्त आपत्ति शुल्क विभाग के पक्ष में जब्त कर लिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मंझनपुर
कौशांबी

पत्रांक संख्या : 15/न0पा0 परि0मं0/2023 दिनांक 08 जनवरी 2024

छुट्टा गोवंशों को संरक्षित न करने पर डीएम ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लगायी फटकार

हैण्डपम्प के मरम्मत कार्यर्य में अनियमितता एवं शिथिलता पाये जाने पर डीपीआरओ की लगी क्लास

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने विकास भवन के सभागार में कल देर सायंकाल शासन की

जिलाधिकारी ने शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा की

विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं अन्य विकास कार्यों/योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने नई सड़कों के निर्माण कार्य, चैड़ीकरण, मरम्मत की समीक्षा करते हुये प्रान्तीय खण्ड, निर्माण खण्ड-1, निर्माण खण्ड-2 के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों का निर्माण गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित समयावधि में किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर

विकास कार्यक्रमों की समीक्षा करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

लापरवाही न बरती जाये।

पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा में जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत बैंक लिंकेज आदि की जो भी किसानों की समस्यायें आ रही है उनका निराकरण कराकर उनको लाभ दिलाया जाये। निराश्रित गोवंशों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने छुट्टा गोवंशों को गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित न किये जाने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि छुट्टा गोवंशों को गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित करायें, लापरवाही कदापि न बरते। ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा को निर्देशित किया कि शहरों में जो भी गोवंश सड़कों पर घूम रहे है उन्हें गो आश्रय स्थलों में संरक्षित करने की कार्यवाही करें। इसके अतिरिक्त अस्थायी गौशाला निर्माण कार्यो में 12 विकास खण्डों क्रमशः सदर, मानधाता, सण्ड़वा चन्द्रिका, पट्टी, आसपुर देवसरा, गौरा, रामपुर संग्रामगढ़, कुण्डा, बाबागंज, बिहार, मंगरौरा एवं कालाकांकर की प्रगति खराब पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित 12 खण्ड विकास अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि हेतु निर्देशित किया। पंचायती राज विभाग की समीक्षा में हैण्डपम्प के रिबोर/मरम्मत के कार्यो में अनियमितता एवं शिथिलता पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा को फटकार लगायी और निर्देशित किया कि क्रियाकलाप में सुधार लायें अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। उन्होने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि हैण्डपम्प के रिबोर/मरम्मत कार्यो की जांच जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा करायी जाये। दुग्ध उत्पादन की समीक्षा में दुग्ध अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समितियों के कई माह से बकाया धनराशि का भुगतान जल्द से जल्द करायें। प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0सी0 शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

छुटटा मवेशियों से परेशान ग्रामीणों ने मार्ग पर लगाया जाम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। छुटटा मवेशियों से परेशान किसानों ने मंगलवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्ग जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने ग्रामीणों को समझाकर किसी तरह शांत कराया और विद्यालय में कैद मवेशियों

एसडीएम के समझाने पर घंटे भर बाद किसी तरह माने ग्रामीण

को गोआश्रय केन्द्र भेजवाये जाने का निर्देश दिया। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ अन्तर्गत जलेसरगंज, पुरवारा, धारूपुर आदि गांवों के ग्रामीण छुटटा मवेशियों से परेशान हैं। गांव में सैकड़ो की संख्या में विचरण करते हुए फसलों को नष्ट कर रहे मवेशियों को ग्रामीणों ने दो दिन से गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कैद कर रखा था। ग्रामीणों की सूचना के बाद भी जिम्मेदार विद्यालय में कैद मवेशियो को गोआश्रय केंद्र भेजवाने में लापरवाही बरत रहे थे। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने पुरवारा मुख्य मार्ग पर पहुंचकर जाम लगा दिया। ग्रामीण मवेशियों को गोआश्रय भेजने की मांग करने लगे। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे एसडीएम लालधर यादव ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर किसी तरह शांत करवाया। एसडीएम ने पुलिस व ब्लाक कर्मचारियों को विद्यालय में कैद मवेशियों को गोआश्रय केंद्र भेजवाये जाने के निर्देश दिये। एसडीएम के समझाने व आश्वासन पर ग्रामीण माने और घण्टे भर बाद जाम समाप्त किया। एसडीएम लालधर यादव का कहना है कि मवेशियों को गोआश्रय केंद्र भेजवाने के निर्देश दिये गये हैं। लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में महिलाओं का उत्पीड़न चरम पर: प्रदेश महासचिव विवेकानंद

जाति विशेष पर चलता है बाबा का बुल्डोजर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव तथा प्रतापगढ़ के प्रभारी विवेकानंद पाठक ने प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पत्रकारवार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं का उत्पीड़न चरम पर है। खास बात है कि इसमें से अधिकांश मामलों में अपराधी भाजपा से जुडे. हैं।

इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के ससंदीय क्षेत्र वाराणसी में आईआईटी बीएचयू की छात्रा से गन प्वाइंट पर दुष्कर्म किया

पत्रकारवार्ता में बोलते प्रदेश महासचिव विवेकानंद।

गया तथा उसकी फोटो वायरल की गई। इनके आरोपियों की पहचान होने के बावजूद ये भाजपा से जुडे. थे इसलिये इनको मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिये भेज दिया गया था। आरोपियों पर बाबा का बुल्डोजर नहीं चला और दो माह तक गिरफ्तारी नहीं हुई। दूसरी घटना गोरखपुर की है, जहां के रहने वाले विनोद उपाध्याय को सुल्तानपुर में एक मुठभेड़ में मार गिराया गया। बता दें कि विनोद उपाध्याय मुख्यमंत्री योगी आदित्य का प्रबल विरोधी रहा। यह मुठभेड़ कुंठा व राजनीति से प्रेरित है। प्रदेश महामंत्री का स्पष्ट आरोप था कि मुख्यमंत्री का बुल्डोजर केवल एक जाति विशेष पर चलता है। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी तथा अन्य नेताओं ने प्रदेश महासचिव का बुके देकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है, जिसके बलबूते आगामी लोकसभा चुनाव लड़ा जाएगा। इस अवसर पर डा0 नीरज त्रिपाठी, डा0 वीके सिंह, शहर अध्यक्ष मो0 इरफान, सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल, महिला अध्यक्ष सरोज कश्यप, केके शुक्ला, मीडिया प्रभारी वेदान्त तिवारी मौजूद रहे।

भूमिधरी पर दबंगों के अवैध कब्जे को हटवाने की मांग, डीएम से हुई शिकायत

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। भूमिधरी पर दबंगो के जबरन कब्जा करने के आरोप को लेकर पीडितजनों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। लीलापुर थाना के अजगरा जोगापुर मुफरिद गांव में सड़क किनारे दर्जन भर लोगों के सहखाते की जमीन है। गांव के राजाराम यादव, हरिप्रसाद तिवारी, अवधेश यादव, सुरेश यादव, कमलेश यादव, बाबूलाल व छोटेलाल यादव आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि उक्त जमीन पर गांव के कुछ दबंग जबरन मिटटी डालकर अवैध कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अवैध कब्जा रोकवाने की मांग की है।

सौंदर्यीकरण की आस में प्यासा मॉडल तालाब

ब्लॉक परिसर स्थित सरोवर की दुर्दशा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सौंदर्यीकरण की आस में वर्षो से मॉडल तालाब सूखा पड़ा हुआ है। सरोवर को न तो सुंदर रूप मिल सका और न ही उसकी प्यास बुझ सकी। अधिकारियों की यही लापरवाही रही तो जल संरक्षण कैसे संभव हो पाएगा।

स्थानीय ब्लॉक परिसर के साथ ही गावो में बने तालाबों में पानी भरवाने का अधिकारियों ने फरमान सुना रखा है, लेकिन इसका असर जब स्थानीय ब्लॉक परिसर में ही नहीं दिख रहा है तो गावों के तालाबों की क्या दशा होगी? इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। ब्लॉक परिसर में बना मॉडल तालाब वर्षो से बूंद-बूंद पानी के

सौन्दर्यीकरण की आस में मॉडल तालाब।

लिए तरस रहा है।सौंदरीकरण के चक्कर में न तो अब तक विकास कार्य को पूर्ण किया जा सका है और न ही पानी भरवाया गया है। इस हाल में पशु-पक्षी अपनी प्यास को बुझाने के लिए दर-दर भटक रहे है।

वहीं सरोवर जलविहीन होने की वजह से उसके अंदर गंदगी भी अपने प्रभाव को जमा रखी है। जिम्मेदार भी शासन व प्रशासन के आदेशों को अनदेखा कर बैठे है। वहीं जिम्मेदार लोग समस्या के प्रति मौन साधे हुए है। इस संबंध में बीडीओ ने बताया की सौंदर्यीकरण के संबध में मुझे जानकारी नहीं है, सफाई व पानी तो नही है, पूरे मामले को देखते हैं।

डीआईओएस ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राजकीय बालिका इंटर कालेज में चल रही डीएलएड परीक्षा का औचक निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक/उप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ सरदान सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा को नकल विहीन, सुचितापूर्ण एवम पारदर्शिता के साथ सम्पन्न होते देखा। इस अवसर पर अजय कुमार, राजकुमार सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, फिरोज अहमद, डॉक्टर मोहम्मद अनीस, नूर फातिमा, डॉ कल्पना, मंजू कुशवाहा, सविता सिंह आदि रही। इस दौरान राजकीय बालिका इंटर कालेज में पहली पाली में 214 पंजीकृत थे जिसमें 184 उपस्थित रहे और 30 अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में 44 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और तृतीय पाली में 28 परीक्षार्थी रहे। इसी प्रकार में राजकीय इंटर कालेज में पंजीकृत 600 छात्रों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय 21 छात्र अनुपस्थित रहे। केपी हिन्दू इंटर कालेज में 651 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें पहली व दूसरी पाली में 22 व तृतीय पाली में 23

परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते डीआईओएस।

परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पीबी इंटर कालेज में प्रथम पाली में पंजीकृत में 236 में 21 अनुपस्थित, द्वितीय गणित के प्रश्न पत्र में 588 पंजीकृत थे जिसमें 34 अनुपस्थित रहे जबकि तृतीय पाली में सामान्य अध्ययन के पेपर में 201 परीक्षार्थी पंजीकृत थे और 18 अनुपस्थित रहे।

सीएचसी से हटाया गया एमसीटीएस आपरेटर

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। महिला हेल्थ आफिसर्स की शिकायत पर सीएमओ सख्त हुए हैं। उन्होंने सीएचसी कोहडौर से एमसीटीएस आपरेटर को हटा दिया है। बता दें कि कोहड़ौर सीएचसी में तैनात महिला सीएचओ ने सीएमओ सहित अफसरों से इंसाफ की गुहार लगाई थी। इसी दौरान सदर विधायक राजेंद्र मौर्य के पास फरियाद लेकर समूह में सीएचओ पहुंची थी और आपरेटर द्वारा अभद्रता की शिकायत पर कार्यवाही के लिए चक्कर लगा रही थीं। इस दौरान विधायक राजेंद्र मौर्य ने कार्यवाही के लिए सीएमओ को निर्देश दिया था जिस पर सीएमओ जी एम शुक्ला ने आपरेटर रत्नेश पांडेय को तत्काल प्रभाव से बेलखरनाथ सीएचसी ट्रांसफर कर दिया। साथ ही एडिशनल सीएमओ की अगुवाई में चार सदस्यीय जांच टीम बनाकर पांच दिवस के अंदर मामले में रिपोर्ट मांगी है।

विवाहिता की फोटो फेसबुक पर डालकर युवक कर रहा परेशान

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पहारा मुरार पट्टी गांव की एक विवाहिता की फोटो डालकर उसका पड़ोसी उसे परेशान कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने बताया कि उसका पड़ोसी उसकी तस्वीर मोबाइल से खींचकर फेसबुक पर डाल देता है। इस बारे में जानकारी होने पर विवाहिता ने जब इसका विरोध किया तो उसने फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दिया तथा जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित विवाहिता ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

आमंत्रण पत्र मिलने पर मेरा जीवन धन्य हो गया: सियाराम

आरएसएस ने दानवीर सियाराम उमरवैश्य को सौंपा आमंत्रण पत्र

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित होने के लिए आज औपचारिक रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ के विभाग प्रचारक प्रवेश ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा प्रेषित आमंत्रण पत्र प्रसिद्ध समाजसेवी, दानवीर सियाराम उमरवैश्य को सौंपा।

इस अवसर पर विभाग प्रचारक प्रवेश ने कहा कि संपूर्ण विश्व के हिन्दुओं श्री राम भक्तों के लिए 22 जनवरी ऐतिहासिक तिथि है। भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण एक नए युग का सूत्रपात है। विभाग प्रचारक प्रवेश ने कहा कि यह अधिकृत आमंत्रण है जिसके आधार पर 22 जनवरी को सियाराम उमरवैश्य उस पवित्र क्षण के प्रत्यक्ष साक्षी होंगे जब

दानवीर सियाराम उमरवैश्य को आमंत्रण देते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूज्य संतों की गरिमामयी उपस्थिति में भगवान श्री राम के बाल स्वरूप के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

इस दौरान सियाराम उमर वैश्य ने कहा कि मेरा जीवन धन्य हो गया। यह आमंत्रण प्रभु राम की असीम कृपा का प्रमाण है। मैंने स्वप्न में भी नहीं सोचा था कि ऐसा पुनीत अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर नगर संघचालक राजनारायण सिंह, विभाग कार्यवाह हरीश, विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ. सौरभ पांडेय, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत, नगर प्रचारक आलोक, अशोक शर्मा, रामराज उमरवैश्य, श्याम राज उमर वैश्य आदि उपस्थित रहे।

प्रधान के खिलाफ छेड़छाड़ व मानहानि का मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर थानान्तर्गत एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर प्रधान के खिलाफ वीडियो बनवाकर दुष्प्रचार करने व छेडछाड तथा धमकी का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने आरोपी प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्राम प्रधान हरिलाल पुत्र सरजू पाल ने बदनीयती से उसके खिलाफ अपशब्द कहे और उसका वीडियो को इण्टरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। पीडिता ने इस बाबत प्रधान से शिकायत की तो प्रधान ने उसके साथ छेडछाड करते हुए कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में जांच के बाद पुलिस ने प्रधान के खिलाफ छेडछाड, झूठी अफवाह फैलाने, मानिहानि करने आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

रेलवे स्टेशन रोड पर हुआ राम जन्म भूमि का अक्षत वितरण

देर शाम तक चला अक्षत वितरण का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। राम जन्म भूमि पर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में घर-घर अक्षत, तिलक बांटने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विहिप व अन्य संगठनों द्वारा तेजी से किया जा रहा है। इस अक्षत वितरण कार्यक्रम में महिलाएं भी सक्रिय रुप से भाग ले रही हैं।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित अक्षत वितरण कार्यक्रम रेलवे स्टेशन के समीप हनुमान मंदिर के पास सम्पन्न हुआ जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाहक सौरभ पाण्डेय ने कहा कि सदियों बाद भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में 22 जनवरी

को रही है। इसका अक्षत पाने वाले भी सौभाग्यशाली हैं। इस अवसर पर अवधेश कुमार, कंचन ओझा, अमित कुमार, पवन कुमार, नीरज सिंह, दिनेश सिंह, प्रमुख समाजसेविका एवं भाजपा नेत्री सारिका श्रीवास्तव, प्रतापगढ़ के पूर्व स्टेशन अधीक्षक ओम प्रकाश मिश्र की पत्नी आशा मिश्रा, रेणुका श्रीवास्तव, नेहा आदि सक्रिय रुप से भाग लिया। यह अक्षत वितरण देर शाम तक चलता रहा।

ग्राम प्रधान ने गधियावां में घर-घर पहुंचाया अक्षत

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। विकास खंड आसपुर देवसरा के ग्राम सभा गधियावां सोमवार को ग्राम प्रधान प्रदीप पाण्डेय एवं पूर्व प्रमुख देवेंद्र नाथ पाण्डेय ने घर जाकर पूजित अक्षत का वितरण किया 22 जनवरी को अयोध्या मे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस को लेकर प्रधान के साथ ग्रामवासियों द्वारा घर घर जाकर अयोध्या से आए निमंत्रण रूपी पूजित अक्षत का वितरण ढ़ोल-नगाड़ो की थाप पर किया गया, जिसमें बच्चे नौजवान बुजुर्ग सभी लोगो ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया, जितेंद्र कुमार पाण्डेय, अशोक मिश्रा बौद्धिक प्रमुख, प्रदीप पाण्डेय मास्टर, सूरज पाण्डेय, उमानाथ पाण्डेय सोनू, बृजेश पाण्डेय आरएसएस मंडल प्रमुख रेडीगारापूर न्याय पंचायत, करुणेश पाण्डेय समग्र ग्राम विकास प्रमुख, नगेन्द्र पाण्डेय अलगू, राजेश पाण्डेय, विजय पाण्डेय लाला, सत्य नारायण पाण्डेय चिक्कू, विकास मिश्रा, अंकित पाण्डेय भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष एवं प्रधान मीडिया प्रभारी, शुभम पाण्डेय, अजय पाण्डेय गोलू, शुभम पाण्डेय लम्बू, देवेश पाण्डेय, राम छबीले पाण्डेय मुनीम, दिनेश कुमार पाण्डेय दिन्ने, डब्लू पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

गम और गुस्से के बीच युवक का हुआ अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना के पूरे मिश्रन मुस्तफाबाद गांव में मंगलवार सुबह हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए परिवार के लोग अंतिम संस्कार न करने पर अड़ गये। इसकी जानकारी होते ही पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर किसी तरह शांत कराया। मामले में भाई की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ साजिशन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के मिश्रन का पुरवा मुस्तफाबाद निवासी अटठाईस वर्षीय सुनील मिश्र उर्फ रामलला पुत्र दशरथ मिश्र दो जनवरी को टैज्क्टर पर काम करने की बात कहकर घर से निकला था। रविवार

दो पर दर्ज हुआ साजिशन हत्या का मुकदमा

को लालगंज कोतवाली के कैथौला गांव के पास सई नदी में उसका शव उतराया मिला था। इण्टरनेट मीडिया पर नदी में शव मिलने का वीडियो वायरल होने पर परिवार के लोगों को घटना की जानकारी हुई। पीएम के बाद सोमवार की रात शव घर लाया गया। मंगलवार सुबह परिवार के लोग हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग पर आक्रोशित हो उठे। इसकी जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर किसी तरह शांत कराया। इसके बाद परिवार के लोगों ने शव का अंतिम संस्कार किया। इधर घटना को लेकर मृतक के भाई अंकित मिश्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पूरे चैहान मुस्तफाबाद निवासी सनी सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह व पूरे बरबन निवासी खेलावन गुप्ता पुत्र रामेश्वर गुप्ता ने साजिश करके उसके भाई को घर से ले गये और हत्या करके शव को सई नदी में फेंक दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ साजिशन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, पीएम रिपोर्ट में डूबने से युवक की मौत की बात कही गयी है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है : उप मुख्य मंत्री

500 साल बाद घर मे विराजेंगे राम लला--उपमुख्य मंत्री एक दिनी दौरे पर आए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का हुआ जोरदार स्वागत

अटसरई गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

2024 के चुनाव में 80 सीटें जीतेगी बीजेपी- केशव प्रसाद मौर्य

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशांबी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को कड़ा ब्लॉक के ग्राम सभा एट सराय में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए हैं उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना उज्ज्वला योजना किसान सम्मन निधि,महिला स्वयं सहायता समूहों को 3 करोड़ 15 लाख रुपए का चेक सहित अन्य योजनाओं के योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए हैं इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है इसके लिए पांच संकल्प दिलवाए हैं उन्होंने कहा हमारे प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला लाभार्थियों को होली और दीवाली का पैसा भेज दिया है जिले के डीएम सत्यापन की कार्रवाई तेजी से करें ।इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों के सम्बंध में बताया है।डिप्टी सीएम ने कहा 2 लाख 16 हजार 800 किसानों को किसान सम्मान निधि दी गयी,हर घर नल जल योजना के तहत लोगों के घरों में पानी पहुंचाया गया। कौशांबी सहित प्रदेश में 300 मेडिकल कालेज बनाकर स्वास्थ्य सेवा को सरकार बेहतर कर रही है।उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा पूरा विपक्ष एक जुट होने के बाद भी बीजेपी यू पी में 80 सीटे जीतेगी उपमुख्यमंत्री ने वरिष्ठ जिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनका उत्साह वर्धन किया है। इससे पहले उपमुख्यमंत्री का उड़न खटोला सयारा हेली पैड पर 11.50 पर उतरा है जहां भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया है मां शीतला अतिथि गृह पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए फरियादियों के प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित विभाग को सुपुर्द कर कार्रवाई का आदेश देते हुए शीतला गेस्ट हाउस में महापुरुषों के तैल चित्रों पर माल्यार्पण किया है जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष धर्मराज मौर्य, कौशांबी सांसद विनोद सोनकर पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक लाल बहादुर ,भोले शंकर कुशवाहा,पूर्व विधायक शीतला प्रसाद पटेल उर्फ पप्पू ,डिस्टिक कोऑपरेटिव अध्यक्ष शिवमोहन मोर्य, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लव कुश मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, जितेंद्र सोनकर, भरवारी नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी ,अझुवा नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा,सिराथू नगर पंचायत अध्यक्ष भोला यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी सहित भारतीय जनता पार्टी के हजारों पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं आमजन मानस मौजूद रहा।

कम्बल बांटने में हो रहा पक्षपात

कौशाम्बी कड़कड़ाती ठंड में ठिठुरते लोगों को तहसील प्रशासन कंबल नहीं बांट रहा है कम्बल बाटने जमकर पक्षपात हो रहा है केवल सिर्फ कागजों में तहसील के जिम्मेदार कम्बल बांट रहा है जिससे लोगों में आक्रोश भी व्याप्त है तहसील चायल में पीछे के दरवाजों से वकीलों को कई कई कंबल दिए जा रहे हैं तो वहीं कुछ खास लोगों को भी पीछे के दरवाजे से जिम्मेदार कम्बल दे रहे है वही गरीब जनता को कंबल न मिलने से ठिठुर कर मरने को वह मजबूर है

ठंड से अधेड़ किसान की मौत

कौशाम्बी जिले के नेवादा ब्लाक अंतर्गत ग्राम चिरारी निवासी मनोज कुमार सरोज उम्र 45 वर्ष पुत्र स्व0 रामकृपाल सरोज का बीती रात ठंड लगने के कारण मौत हो गई मृतक काफी गरीब था। घटना के कारण परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

सप्ताह भर से पूर्व अधेड़ हुआ लापता

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कोर्राई निवासी रामदीन मौर्या उम्र लगभग 58 वर्ष पुत्र सुन्दर लाल मौर्या 02 जनवरी को सहजादपुर जाने को कह कर घर से गए थे उन्होंने बताया था कि अपने कुछ जरूरी काम से वह जा रहे है लेकिन 8 दिन बीत जाने के बाद भी वह वापस घर नही लौटे है वापस ना लौटने के बाद परिवार के लोग परेशान हो गए हैं संभावित स्थानों पर खोजबीन की है लेकिन कहीं सुराग नहीं लग रहा है

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल केशरी का निधन

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। जिले के भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधानसभा, लोकसभा चुनाव प्रभारी रहे लोकतंत्र सेनानी यशपाल केशरी उम्र 70 वर्ष का मंगलवार की दोपहर में अचानक हार्ट अटैक से निधन हो गया है।यशपाल केशरी मुंबई में अपने रिश्तेदारी में घूमने गए हुए थे और उन्हे घर पर बैठे बैठे ही हार्ट अटैक आया और उनका निधन हो गया,उनके निधन की सूचना जैसे ही कौशाम्बी में उनके परिजनों को मिली तो परिजनो में कोहराम मच गया,वही यशपाल केशरी के निधन से भाजपा नेताओं और कार्यकताओं सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। यशपाल केसरी 4 भाई एवं एक बहन थे और यह अक्सर अपने रिश्तेदार साढू के यहां मुंबई में ठंड के महीने में जाकर समय व्यतीत करते थे मंगलवार को दोपहर खाना खाकर बैठे थे तभी हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई है। जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी निवासी यशपाल केशरी का आरएसएस और भाजपा से अत्यधिक नजदीकी रही है,यशपाल जी भाजपा से कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष रहे,वही 2019 में प्रतापगढ़ लोकसभा से चुनाव प्रभारी बनाकर पार्टी ने भेजा था।यशपाल मीसा बंदी में जेल गए थे और लोकतंत्र सेनानी थे।यशपाल को लोकतंत्र सेनानी के रूप में सरकार द्वारा जारी सभी सुविधाएं मिल रही थी,उनका उनकी पत्नी के अलावा और कोई पुत्र अथवा पुत्री नही है दो दशक पूर्व उनके एक पुत्र की बीमारी के चलते मौत हो चुकी है।उनके भाई ओम प्रकाश केशरी कौशाम्बी जनपद के वरिष्ठ पत्रकार है।यशपाल केशरी के निधन से भाजपा को बड़ी क्षति हुई है। और भरवारी सहित पूरे जिले में शोक की लहर है।

किसानो की समस्याओ के समाधान के लिए सरकार से वार्ता करेंगे किसान नेता

कौशाम्बी। भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक जिलाध्यक्ष चंदू तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें कहा गया कि किसान के हित के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे इसी बीच किसानो की समस्याओ पर ध्यान केंद्रित कर जिलाध्यक्ष चंदू तिवारी ने बताया कि प्रयागराज ऐयरपोट से कौशाम्बी जनपद की ओर हाईवे का काम बहुत तेजी से चल रहा है

भारतीय किसान यूनियन की चायल ब्लॉक में बैठक सम्पन

,लेकिन उस में किसानो की जमीन अधिग्रहण कर सरकार उन्हें मुआवजे की रकम कम दे रही है, जिस कारण यह बैठक हुई बैठक बुलाकर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष चंदू तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मुहम्मद साहिद और भारतीय किसान यूनियन के सदस्य गण आने वाले,15,16,17 जनवरी को राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश सिंह टिकैत भी शामिल होकर किसानो की समस्याओ के लिए सरकार से पीड़ित किसानो की बात कर उनके साथ बैठकर बातचीत करेंगे और प्रयागराज और प्रदेश के विभिन्न समस्याओ को भी एकत्रित होकर राष्ट्रीय प्रवक्ता का स्वागत कर इस कार्यक्रम को सफल बनाए।

न्यूज झरोखा

भारतीय किसान यूनियन की सरसवां में बैठक संपन्न

कौशाम्बी भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक सरसवां में मंगलवार को आयोजित हुई बैठक में दर्जनों किसान मौजूद रहे और उन्होंने सरकारी कार्यालय में व्याप्त अनिमियताओ की तमाम शिकायतें की किसानों ने कहा कि सरकारी कार्यालय में तमाम ऐसे कर्मचारी अधिकारी मौजूद हैं जो किसानों की जरूरत की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं बल्कि किसानों को परेशान कर रहे हैं सरसवां ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुष्पराज सिंह ने किसानों से बातचीत कर किसानो की समस्याओ के सम्बंध में अधिकारियों से मुलाकात कर समाधान का आश्वासन दिया किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष डा ए के दूबे,ने सरकार पर किसानो की समस्याओ पर ध्यान केंद्रित करने का काम कर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग रखी भारतीय किसान यूनियन के सदस्यगणो ने क्षेत्र में तमाम समस्याओं से उपस्थित लोगों को अवगत कराते हुए समाधान की मांग की इस बैठक में इलाके के तमाम किसान नेता और किसान शामिल हुए।

एएसपी ने किया कोखराज थाना का निरीक्षण

कौशाम्बी अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोखराज का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क,साइबर हेल्प डेस्क,मेस,महिला व पुरुष बंदी गृह,सीसीटीएनएस कक्ष व थाना परिसर को चेक किया गया तथा दस्तावेजों के रख-रखाव व परिसर की साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात महिला का छिन्न भिन्न शव

अझुवा कौशांबी सैनी कोतवाली के अटसराय रेलवे स्टेशन के पास दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग अप लाइन पर खंभा नंबर 887/15/17 के पास अज्ञात महिला उम्र तकरीबन 50 वर्ष का चीथड़े उड़ा शव मिला है जिसकी सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में शिनाख्त के प्रयास करते हुए पोस्टमार्टम को भेज दिया है महिला नीले रंग की प्रिंट दार साड़ी ,सफेद रंग का साया,गुलाबी ब्लाउज,लाल हरे रंग की कढ़ाई दार शाल पहने थी महिला चीथड़े में तब्दील हो गई थी आज मंगलवार सुबह की घटना थी।खबर लिखे जाने तक अधेड़ महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

किराना दुकानदार ने किया बालिका से दुष्कर्म का प्रयास

कौशाम्बी। चरवा कोतवाली इलाके के एक गांव में किराना का सामान खरीदने गई बालिका के साथ दुकानदार ने दुष्कर्म का प्रयास किया। बालिका के चिल्लाने पर आरोपी ने उसे धमकी देकर भगा दिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। वह अपनी दो बेटियों के साथ अकेले रहती है। सप्ताह भर पहले उसकी छह वर्षीय बेटी किराना का समान खरीदने गांव की एक दुकान पर गई थी। इस दौरान बालिका के साथ दुकानदार ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने बालिका को जान से मारने की धमकी दी। इससे सहमी बालिका घर आकर गुमशुम सी रहने लगी। रविवार को काफी समझाकर पूछने पर उसने घटना के बारे में अपनी बड़ी बहन को बताया। इस पर बालिका की मां ने पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष बलराम सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को आवास की चाभी व स्वीकृत प्रमाण-पत्र किया वितरित

210 समूहों को सीसीएल के रूप में 3 करोड़ 15 लाख की धनराशि किया वितरित

अझुवा कौशाम्बी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज ग्राम पंचायत-अटसरई में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की लाभार्थी-रानी देवी, शकुन्तला देवी, सावित्री देवी, पुष्पा देवी एवं चन्द्रकली देवी को आवास की चाभी तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी-अनूप कुमार, पुजारी लाल एवं घनश्याम को आवास स्वीकृत प्रमाण-पत्र वितरित किया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 210 स्वयं सहायता समूहों को रू0-3 करोड़ 15 लाख सीसीएल धनराशि सम्बन्धित समूह की महिलाओ को वितरित किया। इसी प्रकार उन्होंने ननकी, घनश्याम, गोमती, गुलाम रसूल एवं लखपतिया को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत प्रमाण-पत्र तथा संजना सिंह को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत प्रमाण-पत्र एवं मंजू देवी, ज्योति देवी व सुमन देवी को उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रमाण-पत्र तथा आराधना देवी, रेखा देवी व पुष्पा देवी को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सब्सिडी की डमी चेक वितरित किया। उप मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग द्वारा संचालित अनुदान योजनान्तर्गत किसान उत्पादक संगठन एवं औद्योगिक विपणन सहकारी समिति को इन-सीटू योजना के तहत फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना के लिए अनुदान धनराशि का डमी चेक वितरित किया। इसी प्रकार शिवम साहू एग्रीफार्मर प्रोड्यूशर लि0 को बैंक मशीनरी एवं सत्यम व राम प्रकाश को यन्त्रीकरण योजना के तहत पॉवर स्प्रेयर मशीन तथा ऊधो श्याम मिश्रा व रामदुलारी को पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पम्प की स्थापना के लिए अनुदान धनराशि का डमी चेक वितरित किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय अटसराय के निपुण विद्यार्थियों-जानवी, वन्दना, राधिका मौर्य, अंशिखा मौर्य, अंशिखा पाल, नीरज, आयुष कुमार, नीरकान्त, मो0शाद व प्रशान्त को निपुण प्रमाण-पत्र एवं शिक्षण सामग्री वितरित किया।

पीड़ित दुकान धारक ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

कौशाम्बी। चरवा थाना अंतर्गत समसपुर गांव के मिठाई लाल पुत्र स्व राम दुलारे की बेरूआ चौराहा पर सरकारी देशीं शराब की लाइसेंसी दुकान संचालित हैं। उन्होंने चायल सर्किल के आबकारी निरीक्षक से शिकायत किया कि हमारे देशी शराब ठेका के अन्तर्गत मलाक नागर (जीवन गंज रेलवे फाटक) के पास एक फर्जी देशी शराब की दुकान संचालित हो रही है। जिससे व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और बिक्री नही होती है। जिससे राजस्व की क्षति हो रही है। और बिक्री न होने के कारण कोटा नहीं उठ पाता है कोटा उठान में परेशानी होती है। सर्किल निरीक्षक ने कहा कि वह दुकान मेरे द्वारा संचालित करवायी जा रही है। यदि तुमने कोई विरोध किया तो तुम्हारी दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दूंगा। पीड़ित दुकान धारक ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, आबकारी मंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, आबकारी आयुक्त प्रयागराज जोन प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज, डीएम कौशाम्बी, एसपी कौशाम्बी, जिला आबकारी अधिकारी कौशाम्बी से शिकायत किया। और फर्जी तरीके से संचालित देशी शराब की दुकान को बंद करवाते हुए कार्यवाही की मांग किया।

सरकार द्वारा संचालित गरीब कल्याण की योजनाओ से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय

अझुवा कौशाम्बी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज माँ शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की बैठक में उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहें ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में विद्युत विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के भी कैम्प/स्टॉल लगाये जाने के निर्देश दियें, जिससे आमजन इन विभागों से सम्बन्धित समस्याओं का भी निस्तारण करा सकें। उन्होंने कहा कि शिकायतकताओं के शिकायतों का सम्पूर्ण समाधान/निस्तारण करने का कार्य किया जाय, विशेषकर तहसील, ब्लॉक एवं थानों पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को ओवर बिलिंग सहित आदि शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही सिनश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क विद्युत/गैस कनेक्शन एवं शौचालय आदि योजनाओं से भी लाभान्वित करने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता, जल निगम को हर-घर नल से जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को निर्धारित समयावधि में ठीक करवाने तथा कराये जा रहें कार्यों का सत्यापन भी कराने के निर्देश दियें। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों के संचालकों के साथ बैठक करने के निर्देश दियें, जिससे आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को इलाज कराने में किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उपमुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि गॉव में कहीं पर भी बीमारी फैलने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल हेल्थ कैम्प लगाकर लोगों का इलाज सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि नलकूप विद्युत कनेक्शन वाले किसानों को 01 अप्रैल 2023 से विद्युत बिल नहीं जमा करना है प्रधानमंत्री के निर्देश से नलकूप कनेक्शन वाले किसानों का विद्युत बिल सरकार द्वारा जमा किया जायेंगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि अगर आपके कार्यालय में बूथ अध्यक्ष आता है तो वह भी उप मुख्यमंत्री से कम नहीं है, उसकी शिकायतों/समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। उन्होंने निमार्णाधीन सेतुओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सेतुओं के निर्माण कार्य में तेजी लायी जाय। उन्होंने आवारा घूम रहें गोवंशां को पकड़वाकर गौशालाओं में संरक्षित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियां को राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सरकार द्वारा संचालित गरीब कल्याण की योजनाओ से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाय तथा जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने में किसी व्यक्ति को कोई समस्या न होने पाये, इस पर विशेष ध्यान दिया जाय।

सरकार हर गरीब के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रहीं है : उप मुख्यमंत्री

अखंड भारत संदेश

ग्राम-अटसराई में स्थित तालाब को भव्य अमृत सरोवर बनाने के निर्देश

अझुवा कौशाम्बी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज ग्राम पंचायत-अटसरई में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा, यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का गरीब कल्याण के लिए, किसानों के उत्थान के लिए, नौजवानों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एवं सबके जीवन में खुशहाली लाने के लिए समर्पित कार्यक्रम हैं, प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के तहत यह भी व्यवस्था की है कि विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाये जाय। इन स्टॉलों का उद्देश्य छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत बड़ा अभियान चल रहा हैं। मा0 प्रधानमंत्री जी ने नारी शक्ति वन्दन अधिनियम-2023 को संसद में कानून बनाया है। आने वाले समय में ग्राम प्रधान व नगर पालिका की तरह 33 प्रतिशत महिलायें लोकसभा में चुनकर जायेंगी, उनके लिए सीटें आरक्षित करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार ने किया हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष-2017 से पूर्व जनपद कौशाम्बी में विकास के कार्य ठप पडे थे, वर्ष-2017 में सरकार बनने पर जनपद कौशाम्बी में लगभग 51 हजार गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि जिनको आवास मिला है, उन्हें शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन आदि योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया है। जनपद कौशाम्बी में एक लाख 80 हजार लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया है। मा0 प्रधानमंत्री जी ने कहा कि जब मैं छोटा था, मॉ चूल्हा पर खाना बनाती थी, जब वे प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने निश्चय किया कि गरीबी के कारण जो दुख मेरी मॉ ने झेला है, वह दुख देश की किसी मॉ, बहन को नहीं झेलना पड़ेंगा,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष रू0-06 हजार देने का कार्य प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है। जनपद कौशाम्बी में 02 लाख 16 हजार 804 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने वर्ष-2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है, देश विकसित बनेंगा तो गरीबों का विकास होगा, देश के विकास का मतलब गरीब का विकास। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मन्दिर का निर्माण कार्य हो रहा है। 22 जनवरी 2024 को लगभग 500 वर्ष बाद रामलला राम मन्दिर में विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि 14 जनवरी से 22 जनवरी तक देश का हर ग्राम, अयोध्या धाम है, जैसे अयोध्या में स्वच्छता का अभियान चल रहा है, वैसे ही हर गॉव में स्वच्छता अभियान चलेंगा। हर ग्राम अयोध्या धाम, हर मन्दिर राम मन्दिर है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विश्वनाथ कॉरीडोर बनाने के साथ ही कौशाम्बी सहित देश में 300 मेडिकल कॉलेज बनाने का भी कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर अयोध्या, काशी व मथुरा की सड़कें अच्छी बनी हैं, तो वहीं जनपद कौशाम्बी सहित सम्पूर्ण प्रदेश में भी अच्छी सड़कें बनाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास का जो पिक्चर आप देख रहें है, अभी तो वह झॉकी है, बहुत व्यापक पिक्चर दिखाना बाकीं हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, हर गरीब के जीवन में खुशहाली लाना है। प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की गई है, जिसका लाभ बहुत से युवाओं को मिलेंगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जो व्यक्ति जिस योजना के लिए पात्र है, उसे उस योजना का लाभ मिलें, कोई भ्रष्टाचार करता है तो उसे जेल भेजने का कार्य किया जायेंगा, यदि कोई अच्छा कार्य करता है तो उसे सम्मान व पुरस्कार देने का कार्य किया जायेंगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को निःशुल्क इलाज कराने की गारण्टी दी है, गरीब को इलाज कराने के लिए अपना घर, जमीन व आभूषण बेचने की जरूरत नहीं है, आयुष्मान भारत योजना के तहत रू0-5 लाख तक का निःशुल्क इलाज करा सकता हैं। उन्होंने कहा कि हर-घर नल से जल पहुँचेंगा, परन्तु पानी की बरबादी न करें, आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है, हम सबको जल संरक्षण का भी संकल्प लेना होगा। उन्होंने सम्बोधन के दौरान ग्राम-अटसराई में स्थित तालाब को भव्य अमृत सरोवर बनाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दियें। इसके साथ ही उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि गॉव के चकरोडों पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाकर गॉव वालों को आने-जाने के लिए मार्ग बनाया जाय। नलकूप विद्युत कनेक्शन लेने वाले किसानों को 01 अप्रैल 2023 से विद्युत बिल नहीं जमा करना है, मा0 प्रधानमंत्री जी के आदेश पर नलकूप का विद्युत बिल देने का कार्य सरकार कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ तथा गरीब घर की बेटियां की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराने का कार्य सरकार कर रहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार हर गरीब के जीवन में खुशहाली लाने का कार्य कर रहीं है। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियां को पंचप्रण की शपथ दिलाते हुए कहा कि अपने गॉव को भी स्वच्छ रखें, 14 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक स्वच्छता अभियान चलायें, जो गॉव सबसे ज्यादा स्वच्छ होगा, 10 गॉवों को सम्मान देने तथा अतिरिक्त विकास की योजनायें देने का कार्य किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि आप सबके जीवन में खुशहाली लाने के लिए डबल इंजन की सरकार का खजाना खुला है, पैसे की कोई कमी नहीं है, विकास के कार्य किये जा रहें है, सरकार आपके साथ खड़ी है इस अवसर पर सांसद विनोद सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री धर्मराज मौर्य व जनपद के प्रभारी अवधेश गुप्ता, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी व भरवारी श्रीमती कविता पासी, पूर्व विधायक लाल बहादुर व शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी तथा जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारीगण रहे।

संपादक की कलम से

वैश्विक भाषा बने हिन्दी

विश्व हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है। 10 जनवरी इसी भावना को समर्पित दिन है जिसे भारतवासी विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन हमें देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। विश्व हिन्दी दिवस प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं।

विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरूआत की गई। विश्व में पहला हिंदी दिवस 10 जनवरी 1974 को महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित किया गया था। इस महासम्मेलन में 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तब से ही इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिन्दी का एक अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में संवर्द्धन करने और विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन को संस्थागत व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना का निर्णय लिया गया था। विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरीसस के मोका गांव में 11फरवरी 2008 से कार्यरत है।

विश्व हिन्दी दिवस को मनाने की शुरूआत पहली बार साल 1953 में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के सुझाव पर की गई थी। इस दिन को मनाने के पीछे का कारण हिंदी के महत्व को बढ़ाना था। विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य विश्व में हिन्दी के प्रचार-प्रसार करना, हिन्दी के प्रति अनुराग पैदा करना, हिन्दी की दशा के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना है। 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन किया था।

इस साल 2023 में विश्व हिंदी दिवस की थीम है हिंदी को जनमत की भाषा बनाना बगैर उनकी मातृभाषा की महत्व को भूले। विश्व हिंदी दिवस 2023 सम्मेलन का मुख्य विषय हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक है। सम्मेलन फिजी में डेनाराऊ द्वीप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। हिंदी नाम खुद ही दूसरी भाषा से लिया गया है। यह नाम फारसी शब्द हिंद् से लिए गया है। जिसका अर्थ सिंधु नदी की भूमि से जुड़ा हुआ है। 11वीं शताब्दी के आसपास फारसी बोलने वाले लोगों ने सिंधु नदी के किनारे रहने वाले लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा को हिंदी नाम दिया था।

हिंदी भाषा की लिपि देवनागरी लिपि हैं। जिसमें 14 स्वर और 33 व्यंजन सहित 47 प्राथमिक वर्ण हैं। हिंदी दुनिया में चैथी सबसे व्यापक रूप से अपनाई जाने वाली लेखन प्रणाली है। जिसका उपयोग 120 से अधिक भाषाओं के लिए किया जा रहा है। हिंदी एक महत्वूपर्ण भाषा है। विश्व पटल पर यह सिद्ध हो चुका है कि हिंदी भाषा अपनी लिपि और उच्चारण के अनुसार सबसे शुद्ध और वैज्ञानिक भाषा है।

हर साल विश्व हिंदी दिवस देश को एक साथ लाता है और हमें हमारी असली पहचान की याद दिलाता है। यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि हम जहां भी जाएं हमें अपनी भाषा, संस्कृति और मूल्यों को अपने साथ रखना चाहिए। हिंदी दिवस हमारे अंदर देशभक्ति की भावना जगाता है। आजकल लोग हिंदी के बजाय अंग्रेजी सीखना पसंद करते हैं क्योंकि यह व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है। अंग्रेजी भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक है। लेकिन हिंदी दिवस अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लगातार याद दिलाता है कि हिंदी हमारी आधिकारिक भाषा है।

हिंदी संस्कृत भाषा का वंशज है जो एक प्राचीन भारतीय भाषा है। यह अरबी, फारसी, तुर्की, पुर्तगाली और अंग्रेजी जैसी भाषाओं से प्रभावित है और यह उस भाषा परिवार का हिस्सा है जिसे इंडो-यूरोपीय भाषा परिवार के रूप में जाना जाता है। संविधान के अनुच्छेद 343 के खंड (1) के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी संघ की राजभाषा है। संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा।

हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ?

एसबीआई की ताजा रिसर्च रिपोर्ट - भारत में आर्थिक असमानता में कमी आई

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां भारत की हर स्थिति परिस्थिति व गतिविधि पर नजर लगाए हुए हैं, क्योंकि हर क्षेत्र में भारत विकास का झंडा लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें से 5वें नंबर पर आकर अब तीसरे नंबर की ओर बढ़ रहा है, जिसका जीता जगता सबूत नीति आयोग द्वारा पिछले 5 वर्ष में 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा के ऊपर उठने की रिपोर्ट और अब दिनांक 8 जनवरी 2024 को देर शाम एसबीआई की ताजा रिसर्च रिपोर्ट में भारत में आर्थिक असमानता में कमी, मध्यम वर्गीय लोगों का विकास, आईटी रिटर्न भरने में तीन गुना ऊछाल सहित अनेक बातें अपनी रिपोर्ट में अनेक आधारों का विस्तृत उल्लेख कर बताया है। परंतु अगर हम स्विट्जरलैंड में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 2023 की रिपोर्ट सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट रिपोर्ट याने दावोस रिपोर्ट को देखें तो असमानता बड़ी हुई है, ठीक उसी तरह अगर हम अंतरराष्ट्रीय रिसर्च एजेंसियों की रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्ट उठाकर देखें तो हर साल की रिपोर्ट में भारत की स्थिति का आकलन बहुत कम होता है यही कारण है की सूची में भारत बहुत पिछड़ा नजर आता है ,अनेक रीसर्च रिपोर्ट्स पर भारत ने नाराजगी भी व्यक्ति की है। खैर इस बात की तस्वीर हमें मिशन 2047 की दिशा में बढ़ते कदमों से आभास हो जाएगा कि हम अगड़े हैं या फिर पिछड़े। परंतु मेरा मानना है कि हम अपने लक्ष को लेकर बेहद संजादिगी और विश्वास से आगे बढ़ रहे हैं जो आगे चलकर दुनियां देखेगी, क्योंकि ऐसे हम दिखाने में नहीं, काम करने में विश्वास रखते हैं। चूंकि एसबीआई की 8 जनवरी 2024 की हालिया रिपोर्ट विकसित भारत की ओर बढ़ रहे परिणाम की सफलता की पुष्टि करती हैइसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, एसबीआई रिपोर्ट को देखें तो टारगेट विकसित भारत में सक्रियता परंतु दावोस रिपोर्ट 2023 को देखें तो स्थिति विपरीत फिर भी हम लक्ष्य प्राप्ति में आगे हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 8 जनवरी 2024 को देर शाम जारी एसबीआई की ताजा रिसर्च रिपोर्ट की करें तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भारत के लोगों की आय पर रिसर्च किया है। नए अध्ययन से पता चला है कि हाल के वर्षों में लोगों की आय में असमानता कम हुई है और आमदनी बढ़ रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय मिडिल क्लास की स्थिति मजबूत हो रही है जिसके वजह से यह संभव हो पाया है। देश के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक ने अपने एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया है कि देश में आर्थिक असमानता में कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक इनकम टैक्स रिटर्न के डेटा के जरिए लोगों के टैक्सेबल इनकम पर नजर डालें तो लोगों के इनकम में असमानता एसेसमेंट ईयर 2014-15 से लेकर एसेसटमेंट ईयर 2022-23 के दौरान 0.472 से घटकर 0.402 पर आ गई है।

नये भारत की पुलिस में बड़े बदलाव जरूरी

पुलिस की भक्षक छवि आजादी के अमृतकाल की सबसे बड़ी विडम्बना एवं त्रासदी है, पुलिस की रक्षक छवि कैसे स्थापित हो, वे खलनायक नहीं, नायक बने, आज के इस सबसे बड़े राष्ट्रीय प्रश्न पर जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुलिस के बड़े अधिकारियों के बीच नसीहत देने की जरूरत पड़ी। मोदी ने देश भर के पुलिस मुखियाओं को सीख दी कि पुलिस जनता को बताए कि उसकी शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई। मतलब साफ है कि अभी शायद पुलिस इस काम को पूरी तरह से अंजाम नहीं दे पा रही है। बड़ा सवाल है कि आजाद होने के बाद जब हम एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र बनाने चले, तब हमने अपनी सबसे महत्वपूर्ण संस्था पुलिस में आमूल-चूल परिवर्तन की बात क्यों नहीं सोची? भारतीय पुलिस आज हमें जिस स्वरूप में दिखती है, उसकी नींव 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की समाप्ति के बाद पड़ी थी और इसके पीछे तत्कालीन शासकों की एकमात्र मंशा औपनिवेशिक शासन को दीर्घजीवी बनाना था और उसमें वे काफी हद तक सफल भी हुए। 1860 के दशक में बने पुलिस ऐक्ट, आईपीसी, सीआरपीसी या एविडेंस एक्ट जैसे कानूनों के खंभों पर टिका यह तंत्र ना तो कभी जनता का मित्र बन सका, ना ही जनता के रक्षक की भूमिका को निष्पक्षता से निभा सका और ना ही उसकी ऐसी कोई मंशा थी। आजादी के बावजूद आज भी हम विदेशी दासता का दंश ही झेल रहे हैं और उसमें सबसे बड़ी भूमिका पुलिस की ही है। आजाद भारत की बड़ी असफलता है कि पुलिस कानून-कायदों की धज्जियां उड़ाने वाला, भ्रष्ट और जनता के शत्रु संगठन के रूप में ही काम कर रहा है, तभी आम जनता पुलिस नाम से ही थर-थर कांपती है। जरूरत है वर्तमान थानों को अब जन-रक्षक केन्द्र के रूप में विकसित करते हुए पुलिस की नयी कार्यप्रणाली, भूमिका, छवि एवं दायित्वों को निर्धारित किया जाये।

पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 58वें अखिल भारतीय इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री की इस सीख से यह जाहिर होता है कि आजादी के 77 साल बाद भी पुलिस जनता की दोस्त एवं रक्षक के रूप में काम नहीं कर रही। इसके लिए पुलिस को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। प्रधानमंत्री की पुलिस अफसरों को दी गई नसीहत ने कई विचारणीय सवाल भी खड़े किए हैं। पहले भी पुलिस सुधारों को लेकर काफी विचार-विमर्श व सरकारी स्तर पर फैसले हुए हैं। मोदी ने कहा कि तीनों नए आपराधिक न्याय कानूनों को नागरिक प्रथम, गरिमा प्रथम, न्याय प्रथम की भावना से बनाया गया है और पुलिस को अब डंडे के बजाय डाटा के साथ काम करना होगा। सवाल यह है कि इसके बावजूद क्या पुलिस अपनी कसौटी पर खरी उतर सकेगी? अहम सवाल यह भी कि क्या पुलिस को बिना राजनीतिक एवं शासन के दबाव के स्वतंत्र तरीके से काम करने के अवसर मिल सकेंगे? अगर इस सवाल का जवाब हां है तो हमें इसके कारण एवं मार्ग भी तलाशने होंगे। यह जगजाहिर है कि पुलिस को कई बार राजनीतिक दबाव में काम करना पड़ता है। पुलिस की कार्यप्रणाली बहुत जटिल है और पुलिस बल अपेक्षा से काफी कम है। बड़ा संकट यही है कि आबादी के अनुपात में जितने पुलिसकर्मी होने चाहिए, उतने आज भी नहीं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 196 पुलिसकर्मी होने चाहिए जबकि वर्तमान में यह आंकड़ा 152 ही है। अनेक राज्यों में तो यह अनुपात 130 के भी नीचे है। पुलिस अफसरों की नियुक्ति में सिफारिशें एवं भ्रष्टाचार किस स्तर का होता हैं, यह भी किसी से छिपा नहीं है। विडम्बना यह है कि एक तरफ पुलिसकर्मियों की कमी है तो दूसरी तरफ मंत्री और विधायकों से लेकर पार्टी पदाधिकारी भी अपनी सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती चाहते हैं, फिर जनता की सुरक्षा-ढाल कौन और कैसे बनेगा?

भारत को आजादी के अमृतकाल की सम्पन्नता यानी 2047 तक विकसित-सशक्त राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय पुलिस को आधुनिक, तकनीकी और विश्वस्तरीय बनाने की जरूरत है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि वे पूरी ईमानदारी से जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन जनता का नजरिया शायद पुलिस के दावों से मेल नहीं खाता। पुलिस में सेवा, सहयोग एवं रक्षा का भाव हो तभी वह जनआकांक्षाओं के अनुरूप अपने आपको ढाल सकती है। शायद तभी प्रधानमंत्री की सीख भी कारगर साबित होगी। जरूरत इस बात की भी है कि हाईटेक हो रहे अपराधियों से निपटने के लिए पुलिस बेड़े को तकनीकी रूप से दक्ष किया जाए। पुलिस का बड़ा दायित्व है कि वह महिलाओं की सुरक्षा पर सकारात्मक एवं सुरक्षात्मक नजरिया विकसित करें ताकि वे कभी भी और कहीं भी बिना किसी भय के काम कर सकें। सरकार की माने तो महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों एवं नए कानूनों के तहत उन्हें प्रदान की गई सुरक्षा के बारे में जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

नये भारत, सशक्त भारत की बुनियादी जरूरत है वर्तमान पुलिस व्यवस्था को भारतीय मूल्यों एवं अपेक्षाओं के अनुरूप गठित करने की। क्योंकि आज की पुलिस व्यवस्था मूलतः ब्रिटिश पद्धति पर आधारित है, यह व्यवस्था लगभग 160 वर्ष से भी पुरानी है, जो रक्षक नहीं बल्कि भक्षक बनी हुई है। किसी पर भरोसा कर रक्षा के लिए छोड़ दे और वही आपका नुकसान कर दे तो उसे भक्षक कहते है। आज भी हमारे राजनेता एवं राजनीति विदेशी मानसिकता एवं दासता से ग्रस्त है। इसलिए तो हमारे शासकों एवं राजनेताओं को आज भी ऐसी पुलिस भाती है, जो उनके इशारों पर विरोधियों के हाथ-पैर तोड़ दे, उनके खिलाफ झूठे केस दर्ज कर दें या उनके समर्थकों के कानून तोड़ने पर अपनी आंखें मूंद ले? आज भी चुनाव जिताने के लिए पुलिस उनके पास सबसे कारगर औजार है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज भी भारत में जितने भी साम्प्रदायिक दंगे हुए उनमें पुलिस की भूमिका बेहद संदेहास्पद एवं खतरनाक स्थिति में थी। पुलिस का कार्य निष्पक्ष रह कर अपने कार्यों को अंजाम देना है ना कि उसी में शामिल हो जाना। राजनीतिक दबाव के कारण पुलिस अपने कार्यों को निष्पादित नहीं कर पाती है और राजनीतिक कारणों से न्याय व्यवस्था प्रभावित होती है। सरकार को चाहिए कि पुलिस को पूरी तरह से राजनीतिक दबाव से मुक्त करे और अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करने दे। जनता की सुरक्षा के लिए आपको यह जिम्मेदारी दी गई है ना कि उसी का शोषण करने के लिए। पुलिस के काम करने का तरीका आज भी अंग्रेजों के जमाने का है, जिसे सभी सिविल नागरिक अपराधी ही नजर आता है। सरकार को देखना है कि पुलिस को मोरल पुलिसिंग की प्रेरणा एवं दायित्व मिले और उसके लिये नागरिक की सुरक्षा ही सबसे सर्वोपरि हो। पुलिस को अपने केस के अनुसंधान के लिए नए और आधुनिक तकनीक का प्रयोग करना चाहिए ना कि पुराने समय के अवधारणा को लेकर अनुसंधान।

निश्चित ही मोदी सरकार ने अमृत काल में प्रवेश करते हुए दो महत्वपूर्ण विकासों पर जोर दिया, नई शिक्षा नीति का निर्माण और ब्रिटिश युग के कानूनों की जगह नये कानून बनाना। यही कारण है तीनों नए आपराधिक कानून सजा के बजाय न्याय प्रदान करने पर केंद्रित हैं और इन कानूनों के कार्यान्वयन से हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक हो जाने की संभावना को बल मिला है। जरूरत है इन कानूनों के निष्पक्ष क्रियान्वयन की। जरूरत है कि इन नये कानूनों के अनुरूप पुलिस के प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था हो। सरकार की दिशा एवं संकल्प स्पष्ट है तभी देश में आतंकवाद, उग्रवाद, साम्प्रदायिक हिंसा एवं नक्सलवाद पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है। लेकिन नये युग के अनुरूप अपराध भी नयी शक्ल में सामने आ रहे हैं, जैसे सीमाओं की सुरक्षा, साइबर-खतरे, आर्थिक भ्रष्टाचार, कट्टरपंथ, पहचान दस्तावेजों में धोखाधड़ी आदि है। इनसे लड़ने एवं इन्हें समाप्त करने में पुलिस की ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। पुलिस कानून व्यवस्था की केंद्रीय धुरी है, इसलिए उसकी दक्षता, कार्यक्षमता, कौशल, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पर ही नये भारत के नये कानूनों की कामयाबी का दारोमदार होगा। आज जब विश्व में भारत का महत्व बढ़ रहा है और आर्थिक विकास तेज गति से आगे बढ़ रहा है, तो शांति, सह-जीवन, स्थिरता और समृद्धि के लिए सक्षम एवं ईमानदार पुलिस तंत्र का होना आवश्यक है।

(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन,
पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486,
9811051133

संवाद-संप्रेषण का सशक्त माध्यम है हिंदी

सभी जानते हैं कि भाषा संवाद संप्रेषण का एक बहुत ही सशक्त व जोरदार माध्यम है। मनुष्य इस संसार में परमात्मा की श्रेष्ठतम कृति है। मनुष्य को इसलिए परमात्मा की श्रेष्ठ कृति कहा जाता है कि वह भाषा का उपयोग कर अपने भावों को अभिव्यक्त करने में सक्षम है। अन्य जीव मनुष्य की भांति भावों का बोलकर संप्रेषण नहीं कर सकते। दस जनवरी का दिन हिंदी की दृष्टि से हमारे देश के लिए अत्यंत विशेष है क्योंकि विश्व हिन्दी दिवस (विश्व हिंदी दिवस) प्रति वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिये जागरूकता पैदा करना तथा हिन्दी को अन्तरराष्ट्रीय भाषा के रूप में पेश करना है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। सभी सरकारी कार्यालयों में विभिन्न विषयों पर हिन्दी में व्याख्यान एवं अनेक प्रकार के कार्यक्रम, संगोष्ठियां व सेमिनार आयोजित किये जाते हैं। विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरूआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। जानकारी देना चाहूंगा कि हमारे देश के लिए चौदह सितंबर का दिन विशेष है क्योंकि इसी दिन हमारे देश की संविधान सभा द्वारा हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था। हिंदी भाषा अपने आप में खास और विशेष है। जानकारी मिलती है कि आज संसार में 6809 से अधिक भाषाएं और अनगिनत बोलियां हैं, जिसमें से एक भाषा हिंदी भी है। यह हमारे लिए हर्ष का विषय है कि हिन्दी संसार की दूसरी बड़ी भाषा है, जिसका उपयोग सर्वाधिक युवा आबादी करती है। हिन्दी का व्यक्तित्व इसकी वर्णमाला के कारण विराट है। हिंदी की खासियत है कि इसमें जैसा बोला जाता है, वैसा ही सुना जाता है और वैसा ही लिखा भी जाता है। हिंदी में सामर्थ्य की सुरभि है, सुगंध है,तभी शायद यह विश्व की सब भाषाओं से अलग और अनूठी भाषा है। आज देश में हिंदी के प्रयोग को पूर्ण रूप से व्यवहार में लाने के लिए समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है। जिस प्रकार से सदियों के लंबे विरोध और संघर्ष के बाद अंग्रेजी इंग्लैंड में न केवल राजकार्य की भाषा बनी,बल्कि विश्व की संपर्क भाषा का भी रूपाकार ले सकी है, आने वाले समय में निश्चित ही हिंदी भी ऐसा ही स्थान ले सकेगी, क्योंकि हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी अपनी एक विशिष्ट ,दमदार, सरल,सुबोध शब्दावली है। हिंदी वैज्ञानिकता का पुट लिए हुए ऐसी भाषा है जो आज न केवल हमारे देश में बल्कि विदेशों में भी लगातार पल्लवित व पोषित हो रही है, क्योंकि आज हर कोई भारत देश की संस्कृति- सभ्यता व यहाँ की अनूठी परंपराओं, संस्कारों से रूबरू होना चाहता है, जिसके लिए हिंदी का ज्ञान होना अति आवश्यक और जरूरी है। बिना हिंदी जाने, समझे कोई भी भारत जैसे बड़े राष्ट्र को नहीं समझ सकता है। हमारे देश के बड़े नेताओं अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज ने वैश्विक मंचों पर हिंदी का गौरव और वर्चस्व स्थापित किया। वर्तमान में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ऐसा कर रहे हैं।आज हिंदी की चमक धमक हरेक जगह व स्थान पर है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स से लेकर सिनेमा, व्यापार जगत कोरपोरेट वर्ल्ड, शिक्षा, चिकित्सा समेत कोई क्षेत्र आज ऐसा नहीं बचा होगा,जहाँ हिंदी का प्रयोग, उपयोग नहीं किया जाता होगा। हिंदी एक भाषा मात्र नहीं है, यह हमारे देश की आन-बान व शान है। हिंदी हमारी पहचान है, हिंदी हमारी संस्कृति है, हमारी सभ्यता है, हमारे संस्कारों में यह निहित है। हमें ज्यादा से ज्यादा हिंदी बोलनी चाहिए, पढ़नी चाहिए, सीखनी चाहिए और सिखानी भी चाहिए। हिंदी वैज्ञानिक शब्दावली लिए हुए बहुत ही दमदार भाषा है, जिसमें वैज्ञानिकता का, संस्कृति का, संस्कारों का पुट है। हिंदी हमारा अभिमान है, यह हमारा स्वाभिमान है, हिंदी भारत के माथे की बिंदिया है जो अपने आप में मधुर है, सुरभि से ओतप्रोत है। हिंदी, सहज,सरल,सलोनी, सरस है। यह ज्ञान की खान है, ज्ञान का भंडार हिंदी में बहता है। हिंदी, हिंद देश की जान है। आज हिंदी का जादू सबके सिर चढ़कर बोल रहा है। विदेशी लोग हिंदी में रूचि ले रहे हैं और लगातार हिंदी सीख रहे हैं। हिंदी का वर्चस्व अमेरिका से लेकर फ्रांस, जर्मनी, चीन,इटली, जापान से लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ तक में बढ़ा है। हमारे नेतागण हिंदी में भाषण देते हैं। हमारे यहां दुनियाभर के अखबार, पत्र-पत्रिकाएं हिंदी में निकलती हैं, प्रकाशित होतीं हैं। हिंदी में प्रचुर मात्रा में साहित्य उपलब्ध है। हिंदी का भारत संघ से सदियों सदियों से नाता रहा है। यह भाषा नहीं, बल्कि भाषा से बढ़कर है। हिंदी हमारे लिए प्रेरणा है, उत्साह है, नया जोश है। हिंदी में देश की एकता और अखंडता निहित है। दरअसल, हिंदी भारत के लिए एक चेतना है जो हमें हमेशा जगाये रखने का काम करती है। हिंदी में भाव है, अपनापन है। हिंदी स्नेह का सागर है। हिंदी हमें, हम सभी भारतवासियों को दैदीप्यमान करती है। हमारी वास्तविक पहचान हिंदी ही है क्योंकि-" हिंदी है हम वतन है, हिंदोस्तां हमारा।(इकबाल)।" हिंदी न किसी की बैरी (दुश्मन) है और न ही हिंदी में अलग होने का भाव ही मौजूद है। ये हमारी मातृभाषा है, हमारे देश की राजभाषा है, हमारे देश का असली गौरव है जिस पर हम सीना तान कर गर्व कर सकते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय की धारा 343(1) में इस प्रकार वर्णित है- संघ की राज भाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि हिंदी भारत देश की असली परिभाषा है। हिंदी हमारे भावों में सदैव नये प्राण फूंकती है। यह हमारे अंतर्मन व आत्मा को ही नहीं छूती है, अपितु सभी देश के लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। हिंदी भारत संघ की शक्ति, भक्ति व राष्ट्र का अधिकार है। भले ही आज हमारी युवा पीढ़ी अंग्रेजी मानसिकता की शिकार है, वह अंग्रेजी मैकाले शिक्षा पद्धति में अधिक विश्वास करती है लेकिन हिंदी ने उनके मन व आत्मा के एक कोने में कहीं न कहीं जरूर जगह बनाई है। हमारी युवा पीढ़ी आज हिंदी समझती है, बोलती है, पढ़ती है, लिखती है। देश के आधे से अधिक राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की भाषा आज हिंदी है। हमारी युवा पीढ़ी धीरे धीरे हिंदी का महत्व, महत्ता समझ रही है और आने वाला समय हिंदी का ही होगा,इसमें कोई दोराय या शक किसी को भी नहीं होना चाहिए।

अनवरत श्रम और साहस से भाग्य का मार्ग प्रशस्त होता है

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती है पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था," जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता" मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है।

प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि "भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है",ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं कि मैं किसी बड़े धनवान व्यक्ति के घर में क्यों पैदा नहीं हुआ, जहां अपार सुख सुविधाएं उपलब्ध है और मैं भी सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता, पर वह यह नहीं जानता कि बड़े व्यक्ति के बड़े होने के पीछे कितनी मेहनत साहस और ऊर्जा अंतर्निहित है।

ठंड से किसान की मृत्यु

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भरतकूप थाना क्षेत्र के दहिनी गांव के किसान रामस्वरूप (60) पुत्र स्वराज खेतों में शाम को सिंचाई करने गए थे। सवेरे नौ जनवरी को छोटा पुत्र जब खेत पहुंचा तो देखा कि पिता की मृत्यु हो चुकी है।

ये हादसा जाडे के चलते सोमवार की रात हुआ। बताया गया कि किसान रामस्वरुप खेतों में सिंचाई करने गये थे। घर न लौटने पर छोटा पुत्र उनकी खोज में गया तो देखा कि पिता मृत पडे हैं। वह मेड पर पडे थे। परिजनों को सूचना मिलने पर हाहाकार मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। इन दिनों जिले में भीषण ठंड पड रही है। किसान मजबूरी में जाडे की रातों में खेतों में सिंचाई करने जाते हैं। ऐसे में किसान की मृत्यु के कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होंगे।

दस फरवरी तक कार्य समाप्त न होने पर होगी कार्यवाहीः डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रैपुरा थाना क्षेत्र स्थित महर्षि बाल्मीकि आश्रम लालापुर में बन रहे शौचालय, पेयजल, म्यूजियम, पर्यटन सुविधा केंद्र, बस स्टैंड का जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था वन विभाग के ठेकेदार को चेताया कि एक सप्ताह में दोनों गेट पूरी तरह से तैयार करायें।

बाल्मीकि आश्रम का किया निरीक्षण

मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बाल्मीकि आश्रम का निरीक्षण कर ठेकेदार को निर्देश दिये कि दस फरवरी तक पूरा कार्य समाप्त न हुआ, तो कार्यवाही की जाएगी। वन विभाग के क्षेत्रीय वनाधिकारी रैपुरा को निर्देश दिये कि इनके कार्यों का तीन दिन के अंतराल में फोटो खींचकर भेजें। गेट की लाइटिंग व शौचालय बाबत कहा कि वन विभाग के फील्ड आफीसर के नाम से कनेक्शन लें। लाइटिंग अच्छे ढंग से लगायें। कार्य पूरा होने पर वन विभाग को हैंड ओवर करायें।

निरीक्षण करते डीएम।

जिलाधिकारी ने ठेकेदार को निर्देश दिये कि दोनों गेट के बीच में फाउंडेशन बनाकर फ्लैग लगवायें। कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के कराये कार्यों म्यूजियम, पर्यटन सुविधा केंद्र को देखा। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि मिट्टी भराई को आसपास के गांव के तालाब की खुदाई कराकर मिट्टी भरें। निर्देश दिये कि अगले महीने निरीक्षण करने आयें तो उन्हें फाउंडेशन दिखनी चाहिए। जिलाधिकारी ने दोनों कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि कार्य शासन की मंशानुसार व गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, डीएफओ नरेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, महंत भरतदास समेत कार्यदाई संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

सीआईसी प्रधानाचार्य पर एससी-एसटी दर्ज करने का आदेश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति/जनजाति के पीठासीन अधिकारी दीपनारायण तिवारी ने ह्यूमन राइट्स लीगल नेटवर्क के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र एड की पहल पर जिला मुख्यालय के शत्रुघ्नपुरी की शौर्य

विशेष न्यायाधीश ने दिया आदेश

बौरिया पुत्र सालिगराम के आवेदन पर सीआईसी के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान व विनय त्रिपाठी के खिलाफ मामला दर्ज कराने का आदेश कराया है। विशेष न्यायाधीश ने सोमवार को जारी आदेश में कहा है कि सात दिन के अन्दर मामला दर्जकर न्यायालय में पेश करें। अन्वेषण दौरान साक्षी के दृश्य एवं श्रव्य बयान दर्ज करें।

मंगलवार को ह्यूमन राइट्स लीगल नेटवर्क के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने बताया कि जिला मुख्यालय के शत्रुघ्नपुरी के शौर्य बौरिया पुत्र सालिगराम के साथ चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के छात्र कुलदीप, राज तिवारी, बोडा, राज त्रिपाठी व विकास सोनी ने जानलेवा हमलाकर घायल करने के बाद मां-बहन व जाति सूचक गालियां देकर अपमानित किया था। सहपाठी अतुल कुमार ने घटना को लेकर रात दस बजे रिपोर्ट भी लिखा दी। इस बाबत उसकी कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट दर्ज न होने पर उसने न्यायालय में गुहार लगाई थी।

विशेष न्यायाधीश दीपनारायण तिवारी ने तथ्यों का अवलोकन व रुद्र प्रसाद मिश्र एड की बहस सुनकर आवेदन 156(3) को मंजूर कर आदेश दिया कि प्रभारी कोतवाली कर्वी समुचित धाराओं में मामला दर्जकर आख्या सात दिन के भीतर न्यायालय में पेश करें। कहा कि पुलिस पीडित का बयान दृश्य एवं श्रव्य से दर्ज करें।

मुक्तिधाम के सामने बनवायें घाट, डीएम को सौंपा मांग पत्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मंदाकिनी नदी से जुड़ी विभिन्न मांगो को लेकर बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से भेंट की। जिलाधिकारी ने समस्या निस्तारण का भरोसा दिया।

मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिलाधिकारी से भेंट की। उन्हें बताया कि कर्वी स्थित मुक्तिधाम के सामने मंदाकिनी नदी में घाट न होने से लोगों को परेशानी होती है। घाट बनवाने को लेकर पत्र सौंपा। मंदाकिनी नदी में पालीथिन में भरकर पूजन सामग्री फेंकने वालों के लिए प्रशासन के चेतावनी बोर्ड लगवाने, मछलियों का शिकार करने वालों की गिरफ्तारी कराने बाबत पत्र सौंपा। रामघाट में मंदाकिनी नदी की नियमित सफाई को एसडीएम की अध्यक्षता में नाविकों की समिति बनाने, पुलघाट व राजाघाट में विसर्जन कुंड बनवाने तथा नदी में कर्वी व रामघाट में मछलियों के बच्चे डलवाने की मांग की। बूडे हनुमानजी के नीचे मंदाकिनी नदी में नया वियर बनवाने का अनुरोध किया। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के विरजाकुंड में जल निकासी की व्यवस्था कराने, जिला अस्पताल के भर्ती वार्ड के शौंचालय में कमोड लगवाने की मांग उठाई। बताया कि पैर टूटने वाले मरीज कमोड न होने से परेशान होते हैं। जिलाधिकारी ने समस्या समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने मंदाकिनी नदी के बीच बने टीले को पोकलेन मशीन से हटवाने का कार्य कराया था।

गोरखपुर के विनोद मुठभेड की करें जांचः राजीव लोचन निषाद

कांग्रेस की बैठक में उठा मुद्दा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव/प्रभारी राजीव लोचन निषाद ने कहा कि सूबा अपराध की आग से जल रहा है। अपराधी बेखौफ होकर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।

मंगलवार को प्रदेश सचिव/प्रभारी राजीव लोचन निषाद ने कहा कि एनसीआरबी रिपोर्ट अनुसार सूबे में महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में अव्वल है। पूरे भारत में होने वाले अपराधों में 15 फीसदी अपराध उत्तर प्रदेश में होते हैं। हालात बद्तर हो गए हैं, सिर्फ दो बानगी देखिए। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में दो नवंबर को आईआईटी बीएचयू यूनिवर्सिटी की छात्रा का तीन लड़कों ने जबरन गन प्वाइंट से नग्न वीडियो बनाया, दुष्कर्म किया। तीन नवंबर को कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा था कि घटना में भाजपा के लोगों का हाथ है। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। पांच नवंबर को सीसीटीवी फुटेज से लड़कों की पहचान हुई। आठ नवंबर को पीड़िता ने भी पहचान कर ली। आरोपियों की पुष्टि के बाद भाजपा ने उन्हें मप्र में चुनाव प्रचार में भेज दिया। सवाल है कि आरोपियों की पहचान के बाद भी गिरफ्तार करने में दो माह क्यों लगे? क्या पांच राज्यों में चुनाव के कारण भाजपा आरोपियों को बचा रही थी? छात्रों व कांग्रेस अध्यक्ष का दबाव न होता तो आरोपी पकड़े भी न जाते। संवेदनहीनता की पराकाष्ठा व दुर्भाग्य है ये घटना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की है।

कांग्रेस की बैठक में बोलते प्रदेश सचिव राजीव लोचन निषाद।

उन्होंने दूसरी घटना प्रदेश के मुख्यमंत्री के क्षेत्र गोरखपुर की बताई। विनोद उपाध्याय को सुल्तानपुर में पुलिस ने कथित मुठभेड़ में मारा था, ये बात आईने की भांति साफ है। गोरखपुर के विनोद उपाध्याय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पुराने विरोधी रहे हैं। योगी के मुख्यमंत्री बनने के बाद विनोद उपाध्याय पर शिकंजा बढ़ता गया, अंततः इनाम की धनराशि भी बढती गई। पुलिस मुठभेड़ या व्यक्तिगत कुंठा या राजनैतिक विद्वेष से प्रेरित है। योगी सरकार के विशेष जाति विरोधी चेहरे को उजागर करती है। कांग्रेस ने घटना की न्यायिक जांच की मांग उठाई है।

इस मौके पर एआईसीसी/पीएससी सदस्य पंकज मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष/पीसीसी सदस्य श्रीमती रंजना बरातीलाल पांडे, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी, जिला सचिव यमुना शुक्ला, कामता प्रसाद द्विवेदी, जगजाहिर सिंह पटेल, सत्यनारायण कोल, राजेश सिंह पटेल, तीरथ प्रसाद फौजी, कुलदीप मिश्रा, राजनारायण यादव, कृष्णराज सिंह पटेल, सविता पाल, हरिओम पांडे आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

प्रयागराज ने बनारस को नौ विकेट से रौंदा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप 2024 21वें वर्ष में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 11वें वर्ष का फाइनल मैच प्रयागराज व बनारस के बीच हुआ।

मंगलवार को बनारस ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 114 रन बनाए। 115 रन का लक्ष्य दिया। बनारस से निक्की ने 40 गेंद में 40 रन, अंतिमा ने 13 गेंद में 15 रन बनाये। प्रयागराज की रिया ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट, तनु ने चार ओवर में आठ रन देकर एक विकेट लिया। लक्ष्य पाने को प्रयागराज टीम ने 16.2 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। प्रयागराज की तनु ने 50 गेंद में 64 रन, आस्था ने 41 गेंद में 42 रन बनाये। बनारस की काजल ने 3.2 ओवर में 27 रन देकर एक विकेट, प्रियंका ने चार ओवर में 22 रन दिये। मैन ऑफ द मैच प्रयागराज की कप्तान तनु रहीं। प्रयागराज ने मुकाबले को नौ विकेट से जीत लिया।

खिलाडियों से परिचय लेते पंकज अग्रवाल।

महिला क्रिकेट टूनार्मेंट की विजेता प्रयागराज टीम को बीस हजार रुपए पुरस्कार मिला। उप विजेता बनारस टीम को 15 हजार का नकद पुरस्कार मिला। आज के मैच के मुख्य अतिथि कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि मोसू खान, गीता देवी, दिव्या त्रिपाठी, विनीता द्विवेदी, लोनिवि के राकेश व अनिल तथा राखी चैबे रहे। अंपायर शमसुद्दीन, विजय भारद्वाज, स्कोरर सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

दो के कब्जे से महुआ-18 क्वार्टर देशी शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से दस लीटर महुआ व 18 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

मंगलवार को चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने सिपाही अनुज यादव व सोमदेव के साथ अशोक केवट पुत्र राममिलन निवासी लोसरिहन के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में दरोगा नन्दराम की टीम ने मैका पुत्र बबलू कोल निवासी कोलहाई पुरवा मजरा कर्का पडरिया के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया।

स्वांतः सुखाय को पूर्व जिला जज बंटवा रहे कंबल

गरीबों को कम्बल बांटते केशव यादव।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर ब्लाक के भौंरी गांव के घनघना पुरवा में पहाड़ धंसने से पीडित परिवारों व असहाय एवं जरूरतमंदों, विकलांगों, महिलाओं व बच्चों को ठंड से बचाने को पूर्व जिला जज शक्तिकांत परिवार की ओर से कम्बल बांटे गये। मालेगांव के अशोक चौधरी की ओर से महिलाओं को साडियों बांटी गईं।

मंगलवार को जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने गरीबों-असहायों के बीच कम्बल बांटे। भजना आश्रम प्रबंधक रामअवतार यादव, जिला उपभोक्ता फोरम के पूर्व सदस्य केशव प्रसाद यादव, समाजसेवी संजय यादव ने कम्बल व साडियां बांटी।

जिला उपभोक्ता फोरम के पूर्व सदस्य केशव यादव ने कहा कि कम्बल व साडी वितरण का कार्य पूर्व जिला जज शक्तिकांत की ओर से बांटे जा रहे हैं। वे जनहित के कार्य स्वांतः सुखाय को कर रहे हैं। इसी प्रकार मालेगांव के अशोक चौधरी की ओर से गरीबों की मदद को कम्बल व साडियां बांटी जा रही हैं।

एसपी ने कार्यालय देख दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

~~चित्रकूट।~~ पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ कार्यालय राजकमल की मौजूदगी में पुलिस कार्यालय का भ्रमण कर सभी शाखाओं को देखा। मंगलवार को एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय में साफ-सफाई व दस्तावेजों को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभारी चुनाव/आईजीआरएस प्रदीप यादव, प्रभारी सोशल मीडिया/साइबर सेल विजय सिंह, वाचक पारितोष दीक्षित, लिपिक अनुज पाण्डेय, लिपिक केशव शुक्ला, पीआरओ प्रदीप पाल आदि को निर्देश दिये कि सभी लोग अपना कार्य जिम्मेदारी से निभायें। कहीं कोई समस्या होने पर तत्काल उनसे सम्पर्क करें।

कार्यालय देखते एसपी।

सरकार किसानों पर डाल रही बोझः देवेन्द्र सिंह

भाकियू ने की किसान पंचायत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाकियू की मासिक किसान पंचायत सदर तहसील कर्वी, पहाड़ी, रामनगर में हुई। किसानों की समस्याओं बाबत ज्ञापन एसडीएम सदर सौरभ यादव को सौंपा।

मंगलवार को तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि लंबे अरसे से किसान भवन की मांग हो रही है, अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ। तहसील परिसर में किसानों के बैठने को कोई स्थान नहीं है। किसानों को परेशानी होती है। सचिव की मनमानी से सिद्धपुर की गौशाला में गौवंश संरक्षित नही हैं। किसानों को ठंड में खेतों की रखवाली करनी पडती है। कंठीपुर में स्थाई गौशाला की मांग अभी तक पूरी नहीं हुई। आक्रोशित किसानों ने कहा कि स्थाई गौशाला न होने से किसान फसलें नहीं बचा पा रहा। ब्लॉक पहाड़ी, रामनगर में हुई पंचायत में प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी ने कहा कि बिजली रोस्टर में बदलाव किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को ज्यादा बिजली दिन में दी जाए, ताकि किसानों को ठंठ में सिंचाई को रात में परेशान न होना पड़े। लो-वोल्टेज की समस्या निदान की जाये। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार किसानों से फिर धोखा करने जा रही है। पहले पचास किलो खाद को घटाकर 45 किलो किया।

ये वही दाम पर दी जा रहा थी। अब 45 किलो यूरिया 40 किलो घटा रही है। भाकियू ने विरोध जताते हुए कहा कि सरकार किसानों पर बोझ पर बोझ डालती जा रही है। किसानों को गुमराह कर उद्योगपतियों की जेब भर रही है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष जसंवत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह, रामप्रसाद, रमेशचंद्र पाठक, छेदीलाल सिंह, राजकिशोर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, रामेश्वर सिंह, शिव सिंह, शत्रुघ्न सिंह, देवनारायण यादव, जयनारायण सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू नेता।

चुनाव जीतने के बाद शेख हसीना ने भारत को बांग्लादेश का बताया महान मित्र

ढाका। भारी बहुमत से चुनाव जीतने के बाद बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि भारत बांग्लादेश का एक 'महान मित्र' है और हमारे बीच अद्भुत संबंध हैं।

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा, भारत बांग्लादेश का बहुत अच्छा दोस्त है। उन्होंने 1971 और 1975 में हमारा समर्थन किया है। हम भारत को अपना पड़ोसी मानते हैं। मैं वास्तव में सराहना करती हूं कि भारत के साथ हमारे अद्भुत रिश्ते हैं। अगले 5 सालों में हमारा ध्यान आर्थिक प्रगति और हमने जो भी काम शुरू किया है उसे पूरा करना होगा। उन्होंने कहा, हमने अपना घोषणापत्र पहले ही घोषित कर दिया है और जब भी हम अपना बजट बनाते हैं और अपने वादों को पूरा करने का प्रयास करते हैं तो हम अपने चुनावी घोषणापत्र का पालन करते हैं। जनता और देश का विकास ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

पीएम शेख हसीना ने राजधानी ढाका में अपने आधिकारिक निवास गणभवन में मीडिया को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, जो लोग आतंकवादी संगठनों से संबंध रखते हैं या अवैध गतिविधियों में लगे हुए हैं, वह चुनाव से डरते हैं और चुनाव लड़ने से भी बचते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जनता की जीत में योगदान देते हैं, मेरी जीत में नहीं।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर अमेरिका में होगा जश्न, कई शहरों में निकाली जाएगी कार रैली

न्यूयार्क, वांशिगटन,। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का जश्न मनाने की अमेरिका में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। इस ऐतिहासिक महोत्सव के अवसर पर अमेरिका के प्रमुख शहरों में भर में कार रैलियां निकाली जाएंगी।

पिछले हफ्ते वाशिंगटन, शिकागो और अमेरिका के अन्य शहरों में कई रैलियां आयोजित की गईं थीं। अमेरिका में 'कैलिफार्निया इंडियंस' नाम का समूह 'भगवान श्रीराम की घर वापसी' का जश्न मनाने के लिए 20 जनवरी को विशाल कार रैली का आयोजन करने जा रहा है। आयोजकों ने कहा कि रैली में 400 से अधिक कारों के प्रतिभाग करने की संभावना है और यह रैली साउथ बे से प्रतिष्ठित गोल्डन गेट ब्रिज तक जाएगी। आयोजकों ने कहा कि उत्तरी कैलिफोर्निया के भारतवंशी भारत के आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े और गौरवपूर्ण कार्यक्रम का जश्न मनाने के लिए एकजुट है।

आयोजकों ने कहा कि हम अयोध्या नहीं जा सकते हैं लेकिन राम हमारे दिल में हैं। स्थानीय मंदिरों और भारतवंशियों ने 22 जनवरी को भी विशेष आयोजन करने की तैयारी की है। पूरे अमेरिका में स्थानीय मंदिर और प्रवासी संगठनों ने 22 जनवरी तक विशेष उत्सव आयोजित करने की योजना बनाई है। 22 जनवरी अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। आयोजकों ने कहा कि रोहित शर्मा, मणि किरण, परम देसाई, दैपायन देब, दीपक बजाज और बिमल भागवत सहित समुदाय के नेता कैलिफोर्निया रैली की योजना बना रहे हैं।

जापान में नए साल पर आए भूकंप से इशिकावा प्रांत में जान-माल की बड़ी क्षति, मलबे से अब तक 180 शव निकाले गए

टोक्यो। जापान में नए साल के दिन आए शक्तिशाली भूकंप के बाद लगी आग से इशिकावा प्रांत में भारी तबाही हुई है। सैकड़ों आवास और दुकानें धराशायी हो गई हैं। पुलिस लापता लोगों की तलाश कर रही है। इस प्रांत में अब तक 180 लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है।

स्थानीय अखबार द जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने मंगलवार को इशिकावा प्रांत में आग से तबाह हुए बाजार के जले हुए अवशेषों को खंगाला। इस दौरान कई शव बरामद हुए। अधिकारियों ने कहा कि आपदा में मरने वालों की संख्या भी बढ़कर 180 हो गई है। इनमें वाजिमा शहर के 81 लोग भी शामिल हैं। वाजिमा मॉर्निंग मार्केट में लगभग 100 बचावकर्मियों ने लापता लोगों की तलाश की।

रिपोर्ट के अनुसार, बर्फबारी, बारिश और गिरते तापमान ने इशिकावा में राहत प्रयासों को जटिल बना दिया है। उल्लेखनीय है कि पहली जनवरी को 7.6 तीव्रता के भूकंप के बाद 1,200 से अधिक झटके महसूस किए।

अमेरिका ने कहा, चीन और पाकिस्तान में नहीं है धार्मिक स्वतंत्रता, जारी की ऐसे देशों की सूची

न्यूयॉर्क। अमेरिका ने कहा है कि चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान में धार्मिक स्वतंत्रता नहीं है। धार्मिक स्वतंत्रता का दमन करने वाले देशों के नामों की सूची जारी करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा, अमेरिका की विदेश नीति में धार्मिक स्वतंत्रता अहम मुद्दा है। अन्य देशों से संबंधों के विकास में अमेरिका इस मानदंड को बड़ा महत्व देता है।

अमेरिकी संसद ने साल 1998 में अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम बनाकर वैश्विक स्तर पर धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया था। बीते वर्ष (2023) के अनुभवों के आधार पर तैयार इस सूची को सार्वजनिक करते हुए ब्लिंकन ने बताया कि इसमें म्यांमार, चीन, क्यूबा, उत्तर कोरिया, इरीट्रिया, ईरान, निकारागुआ, पाकिस्तान, रूस, सऊदी अरब, ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के नाम हैं।

इन देशों में धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति चिंताजनक है। इन देशों में अल्पसंख्यकों को उनके अधिकार नहीं मिलते, साथ ही उनके साथ कई तरह से भेदभाव और अन्याय होता है। इसके अलावा अल्जीरिया, अजरबैजान, मध्य अफ्रीकी देश कोसोरोस और वियतनाम में भी धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति अच्छी नहीं है। इन देशों में अल्पसंख्यकों को पर्याप्त धार्मिक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं है। विदेश मंत्री ब्लिंकन ने अल-शबाब, बोको हराम, हयात तहरीर अल-शाम, हाउती, आईएस-साहेल, आईएस-वेस्ट अफ्रीका, अल कायदा, जमात नस्त्र अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन और तालिबान को धार्मिक स्वतंत्रता के लिए खतरनाक बताया है।

ब्लिंकन ने कहा, धार्मिक स्वतंत्रता एक वैश्विक मुद्दा है। इसके अंतर्गत होने वाले भेदभाव और अन्याय को सतत और व्यवस्थित प्रक्रिया से दूर किया जा सकता है। अमेरिका का उद्देश्य विश्व में समतामूलक समाज की स्थापना है जिसमें सभी लोगों को बराबरी और इच्छानुसार धर्म और पूजा पद्धत्तियों का पालन करने की स्वतंत्रता हो।

पंजाब प्रांत की सरकार ने लाहौर हाई कोर्ट में पीटीआई के पूर्व नेता उस्मान डार के भाई की पुलिस हिरासत को स्वीकारा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने मंगलवार को लाहौर हाई कोर्ट को बताया कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पूर्व नेता उस्मान डार का भाई उमर डार वर्तमान में सियालकोट पुलिस की हिरासत में है। उस्मान डार ने आरोप लगाया था कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने उनके भाई को अगवा कर अवैध तौर पर हिरासत में लिया है। डार ने इस संबंध में याचिका दायर कर लाहौर हाई कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई थी। स्थानीय अखबार डान की रिपोर्ट के अनुसार लाहौर हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान पंजाब के अतिरिक्त महाधिवक्ता गुलाम सरवर निहान प्रांतीय सरकार के वकील के रूप में पेश हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि उमर डार को 8 जनवरी को गिरफ्तार किया गया है। वह कैंट पुलिस स्टेशन में सियालकोट पुलिस की हिरासत में है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने 30 दिसंबर को दावा किया था कि उमर का लाहौर में अपहरण कर लिया गया है। इसके बाद हाई कोर्ट ने पुलिस को 24 घंटे के भीतर उसे बरामद करने का निर्देश दिया था। पिछले हफ्ते हाई कोर्ट ने उमर की गिरफ्तारी या हिरासत से इनकार करने वाली पंजाब पुलिस की रिपोर्ट को असंतोषजनक बताते हुए खारिज कर दिया था। अगले दिन हाई कोर्ट ने पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. उस्मान अनवर को कथित अपहरण के सीसीटीवी फुटेज के आलोक में एक नई रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया था।

अखबार की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर में डार बंधुओं की मां रेहाना ने पीएमएल-एन के नेता ख्वाजा आसिफ और पुलिस पर उनके सियालकोट स्थित घर पर छापा मारने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। आसिफ और सियालकोट पुलिस ने उनके दावे का खंडन किया था। जस्टिस अली बकर नजफी ने आज की सुनवाई की अध्यक्षता की। इस दौरान अदालत में रेहाना और उमर की बेटी मौजूद रहीं। उमर के वकील अबुजर सलमान नियाजी ने अपना पक्ष रखा। पंजाब के अतिरिक्त महाधिवक्ता गुलाम सरवर निहान ने हाई कोर्ट को बताया कि उमर को दो एफआईआर में नामित किया गया था। यह एफआईआर नौ मई के हिंसक दंगों से संबंधित थीं। यह एफआईआर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद दायर की गई थीं। इस बीच हाई कोर्ट ने चुनाव अपीलीय न्यायाधिकरण की एनए-71 (सियालकोट-द्वितीय) निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र की अस्वीकृति के खिलाफ डार बंधु की मां रेहाना की अपील स्वीकार कर ली। वकील नियाजी ने पुष्टि की कि उन्हें अब आगामी आठ फरवरी का आम चुनाव लड़ने की अनुमति दी है।

भारतीय नागरिकों के थे नेपाल के जंगल में मिले दो शव, दोहरे हत्याकांड का खुलासा

काठमांडू। नेपाल के जंगल में करीब डेढ़ माह पहले मिले दो शवों की पहचान भारतीय नागरिकों के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का कारण आपसी रंजिश बताया है। बिहार पुलिस के सहयोग से नेपाल पुलिस ने डेढ़ महीने से अनसुलझे इस हत्याकांड का खुलासा करके मृतकों के भारतीय परिजनों को जानकारी भी दे दी है।

दरअसल, पिछले वर्ष 22 नवम्बर में नेपाल के चितवन जिला के जंगल के बीच एक पुल के नीचे बोरियों में बांध कर फेंके गए अज्ञात महिला और युवक के शव बरामद हुए थे। दोनों शवों की पहचान के लिए पुलिस ने देशभर में फोटो जारी की और कई इश्तहार दिए, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी ना तो किसी ने उन दोनों शवों की पहचान की और ना ही नेपाल के किसी जिले में दोनों लोगों के लापता होने की शिकायत ही दर्ज मिली।

नेपाल पुलिस के अनुसार बोरी के भीतर लाश के ना सिर्फ हाथ पैर बंधे थे, बल्कि मुंह पर टेप भी लगा था। साथ ही दोनों शवों के गले पर कटे का निशान भी था। इन दोनों शवों को देखकर पुलिस को इतना अंदाजा तो हो गया था कि दोनों की हत्या की गई है और दोनों शवों में आपसी कोई संबंध है। पहले तो पुलिस को यह ऑनर किलिंग का मामला लगा या फिर किडनैप कर हत्या किए जाने की आशंका हुई। जब एक महीने बाद तक कोई सुराग नहीं मिला तो नेपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सीमावर्ती बिहार पुलिस से समन्वय किया।

नेपाल के पुलिस प्रवक्ता डीआईजी कुबेर कडायत ने बताया कि बिहार पुलिस ने जैसे ही दोनों शवों की फोटो को नेपाल से लगे सभी सीमावर्ती जिलों में भेजा तो ना सिर्फ शवों की पहचान हुई, बल्कि हत्या के कारणों का भी पता लग गया। उन्होंने बताया कि बिहार पुलिस के सहयोग से डेढ़ महीने पहले जंगल में मिले महिला के शव की पहचान पूर्वी चम्पारण जिला सुगौली सुगांवडीह निवासी 30 वर्षीया अस्मिता उर्फ संजू देवी के रूप में हुई है। इसी तरह युवक शव की पहचान पूर्वी चम्पारण सुगौली फुलवारी के 19 वर्षीय ऋषभ कुशवाहा के रूप में हुई है। इन दोनों की हत्या अस्मिता के पति अखिलेश भगत ने की थी। हत्याकांड का खुलासा होने के बाद बिहार पुलिस ने अखिलेश भगत को गिरफ्तार कर लिया है।

नेपाल पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि अखिलेश भगत अपनी पत्नी अस्मिता और अपने भतीजे ऋषि के साथ नेपाल के चितवन में घूमने के लिए गए और वहां किराए का मकान लेकर रहने लगे। अस्मिता और ऋषभ का फलों के व्यापार के सिलसिले में पहले भी चितवन आना-जाना लगा रहता था। अखिलेश ने पूछताछ में कबूल किया है कि उसने पत्नी और भतीजे के बीच अवैध संबंध की आशंका में दोनों की हत्या कर दी थी। इसके बाद उनके शव बारी-बारी से साइकिल पर रखकर जंगल में पुल के नीचे फेंक आया था।

डीआईजी कडायत ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से भी पता चला कि जिस जगह पर अस्मिता और ऋषभ रहते थे, वहां 18 नवम्बर की रात को करीब 12:45 बजे अखिलेश साइकिल पर रखकर बोरा ले जा रहा है। उसके ठीक एक घंटे के बाद दोबारा एक बोरा करीब 1:35 के आसपास ले जाते हुए देखा गया। 18 नवम्बर को हत्या करने के बाद दोनों शव चार दिन बाद 22 नवम्बर को बरामद हुए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बताया कि अखिलेश भगत हत्या और शव बरामदगी के दस दिन के बाद यानि 1 दिसम्बर को चितवन से बाहर निकला।

नेपाल पुलिस ने सभी सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य सबूत और दस्तावेज बिहार पुलिस को सौंप दिए, जिसके बाद वह मोतिहारी से 1 जनवरी की रात को गिरफ्त में आया। मोतिहारी पुलिस और नेपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कई दिनों तक उससे पूछताछ करने के बाद सोमवार को इस दोहरे हत्याकांड के बारे में जानकारी सार्वजनिक की।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।